

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 22 मार्च 2025 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-08 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-349 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## जल सभ्यताओं की जीवन रेखा, इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी : मोदी

**नई दिल्ली,22 मार्च।** विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जल संरक्षण का संदेश दिया। नेताओं ने लोगों से पानी की बचत और इसके महत्व को समझने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि विश्व जल दिवस पर हम जल संरक्षण और सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। उन्होंने कहा, जल सभ्यताओं की जीवन रेखा है, इसलिए इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल दिवस के मौके पर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने विश्व जल दिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि जल-प्रकृति का अमूल्य वरदान- न केवल जीवन का आधार है, बल्कि हमारी संस्कृति, कृषि और भविष्य की समृद्धि का मूल स्रोत भी है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि पंचकूला में कैच द रेन अभियान की शुरुआत हो रही है। उन्होंने आगे लिखा, आज हरियाणा के



पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के साथ जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2025 का शुभारंभ होने जा रहा है। इस वर्ष की थीम है। जल संचय, जनभागीदारी जन जागरूकता की ओर। यह सिर्फ एक थीम नहीं, जन-जन के जीवन से जुड़ा एक राष्ट्रीय आंदोलन भी है।वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, विश्व जल दिवस की बधाई! आइए, जल को बचाने का संकल्प लें और स्वच्छ व समृद्ध भविष्य की ओर बढ़ें। उनका संदेश पानी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर केंद्रित था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा, प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं! उत्तराखंड पवित्र नदियों का उद्गम स्थल और जल संपदा से भरपूर है। यह हमारी धरोहर है, जिसे बचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने जल के सही उपयोग को सतत विकास की कुंजी बताया और कहा कि सरकार जल संसाधनों को संरक्षित करने के लिए लगातार काम कर रही है। धामी ने लोगों से भविष्य के लिए जल संरक्षण का संकल्प लेने को कहा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस दिन को खास माना। उन्होंने लिखा, जल है तो कल है। विश्व जल दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं। आइए, प्रकृति के इस अनमोल तोहफे को बचाएं और समृद्ध भविष्य बनाएं। उनका संदेश पानी की अहमियत और इसके संरक्षण पर जोर देता है।

## गोधरा के बाद हुए दंगों के केस में 6 बरी

### किसी व्यक्ति का केवल घटना स्थल पर होना या वहां से गिरफ्तार होना यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि वे अवैध भीड़ का हिस्सा थे : सुको

**नई दिल्ली,22 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के संबंध में छह आरोपियों को बरी कर दिया. अदालत ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का केवल घटना स्थल पर होना या वहां से गिरफ्तार होना यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि वे अवैध भीड़ का हिस्सा थे. जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने गुजरात हाईकोर्ट के 2016 के निर्णय को अस्वीकार कर दिया, जिसमें गोधरा कांड के पश्चात 2002 में हुए दंगों के मामले में छह व्यक्तियों को बरी करने का आदेश वापस लिया गया था. बेंच ने स्पष्ट किया कि केवल मौके पर उपस्थित होना या वहां से गिरफ्तार होना यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि वे (6 लोग) एक हजार से अधिक लोगों की अवैध भीड़ में शामिल थे. धीरूभाई भाईलालभाई चौहान सहित पांच अन्य व्यक्तियों को एक वर्ष की कारावास की सजा सुनाई गई है, जो एक ऐसी घटना से संबंधित है जिसमें कथित रूप से भीड़ ने वडोद गांव में एक कब्रिस्तान और मस्जिद को घेर लिया था. सभी आरोपियों को घटना स्थल से गिरफ्तार किया गया था. निचली अदालत ने सभी 19 आरोपियों को निर्दोष घोषित किया था, लेकिन उच्च न्यायालय ने उनमें से 6 को दोषी पाया. एक आरोपी की मामले की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी. अपीलकर्ताओं समेत 7 व्यक्तियों का नाम एफआईआर में शामिल किया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने एक निचली अदालत के 2003 के निर्णय को मान्यता देते हुए उन्हें बरी कर दिया. अदालत ने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी 2002 को वडोदरा में हुई घटना में उनकी संलिप्तता के संबंध में कोई ठोस सबूत नहीं है, क्योंकि उनके खिलाफ किसी प्रकार की दोषी भूमिका का अभाव है. विशेष रूप से, उनके पास से न तो किसी विध्वंसक उपकरण का पता चला और न ही कोई भड़काऊ सामग्री मिली.बेंच ने उल्लेख किया कि पुलिस की गोलीबारी के कारण लोग भागने लगे. ऐसी स्थिति में एक निर्दोष व्यक्ति को भी अपराधी के रूप में देखा जा सकता है. इसलिए, अपीलकर्ताओं की मौके पर गिरफ्तारी उनके दोषी होने की पुष्टि नहीं करती है. सामूहिक झड़पों के मामलों में अदालतों पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है कि वे किसी निर्दोष व्यक्ति को दोषी न ठहराएं और उसकी स्वतंत्रता को न छीनें. सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि अदालतों को ऐसे मामलों में सतर्क रहना आवश्यक है और उन्हें उन गवाहों की गवाही पर निर्भर नहीं होना चाहिए, जो आरोपी या उसकी भूमिका के संदर्भ में सामान्य बयान प्रस्तुत करते हैं. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि अक्सर, विशेषकर जब अपराध का स्थान सार्वजनिक होता है, लोग जिज्ञासा के कारण अपने घरों से बाहर निकलकर घटनास्थल की स्थिति का अवलोकन करने लगते हैं. ऐसे व्यक्ति केवल दर्शक होते हैं, लेकिन गवाह के रूप में वे गैरकानूनी भीड़ का हिस्सा प्रतीत हो सकते हैं. बेंच ने स्पष्ट किया कि सावधानी के नियम और कानून के नियम के तहत, जब रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, तो केवल उन व्यक्तियों को दोषी ठहराना उचित होगा जिन पर प्रत्यक्ष कृत्य का आरोप लगाया गया है. कई मामलों में, अदालतों ने बहुलता परीक्षण को अपनाया है, जिसका अर्थ है कि दोषसिद्धि तभी मान्य होगी जब इसे कुछ निश्चित संख्या में गवाहों द्वारा समर्थित किया जाए, जो घटना का सुसंगत विवरण प्रदान करते हैं. बेंच ने यह स्पष्ट किया कि अदालत के लिए यह आवश्यक है कि यह तय किया जाए कि अभियुक्त, जिस पर मुकदमा चल रहा है, वह गैरकानूनी भीड़ का सदस्य था या केवल एक दर्शक. इस प्रकार का निर्णय मामले के वास्तविक तथ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि अपीलकर्ता उसी गांव के निवासी थे.



## देश की कानूनी शिक्षा मामले में दखल न दें बीसीआई

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली,22 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उसे कानूनी शिक्षा से संबंधित मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए. अदालत ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि यह कार्य विधि के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों का है. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने केरल उच्च न्यायालय के 23 नवंबर 2023 के आदेश के खिलाफ अपील की थी. उच्च न्यायालय ने दो हत्या के दोषियों को वर्चुअल मोड में एलएलबी की पढ़ाई करने की अनुमति दी थी. सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने टिप्पणी की कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया का कानूनी शिक्षा से कोई संबंध नहीं है. इसे विधि विशेषज्ञों और कानून के शिक्षकों पर छोड़ देना चाहिए. कृपया इस देश की कानूनी शिक्षा के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएं. बीसीआई के वकील ने तर्क प्रस्तुत किया कि यह मुद्दा केवल दोषियों को वर्चुअल कक्षाएं देने की अनुमति देने का नहीं है, बल्कि यह यूजीसी के नियमों के विपरीत भी है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्न उठाया कि यदि दोषियों को उच्च न्यायालयों द्वारा बरी किया जाता है, तो उस स्थिति में क्या होगा? अदालत ने यह भी कहा कि बीसीआई को ऐसे प्रगतिशील आदेश का विरोध करने के बजाय इसे समर्थन देना चाहिए था. बीसीआई ने यह स्पष्ट किया है कि वह उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का प्रयास नहीं कर रहा है, बल्कि इस मामले में कानून से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार करने का अनुरोध कर रहा है. इसके बावजूद, शीर्ष अदालत ने बीसीआईकी याचिका को अस्वीकार करते हुए केरल उच्च न्यायालय के आदेश को बनाए रखा, जिससे दोनों दोषियों को ऑनलाइन मोड में एलएलबी की पढ़ाई जारी रखने की अनुमति मिल गई.

## भारत के विकास से पूरी दुनिया को होगा फायदा: बिल गेट्स

**मुंबई,22 मार्च।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने भारत की नवाचार की तीव्र गति की सराहना करते हुए कहा कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में देश का उदय न केवल भारत को बदल देगा, बल्कि दुनिया पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा. उन्होंने कहा, अगर भारत 2047 की योजना के रास्ते पर बना रह सकता है, तो यह न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद होगा. तथ्य यह है कि आपके पास लोकतांत्रिक चुनावों में 20 प्रतिशत मानवता है - हालांकि कुछ हद तक अराजक - जबकि स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता देना एक बहुत ही सकारात्मक गतिशीलता है. गेट्स ने भारत के आर्थिक विकास के दृष्टिकोण को आशाजनक बताते हुए कहा, यह एक बेहतरीन स्थिति है जब इस बात पर बहस चल रही है कि विकास दर 5 प्रतिशत होगी या 10 प्रतिशत. जबकि मुझे नहीं लगता कि यह 10% तक पहुंचेगी, मैं इसे 5 प्रतिशत से नीचे गिरते हुए भी नहीं देखता. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आर्थिक विस्तार स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में अधिक सरकारी निवेश को सक्षम करेगा, जिससे महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे.



## संक्षेप

### नवा रायपुर में बनेगा 85 करोड़ का नया खेल कॉम्प्लेक्स

**रायपुर,22 मार्च।** नवा रायपुर अटल नगर में जल्द ही खेल कॉम्प्लेक्स बनेगा. इसके तहत 85.05 करोड़ रुपए की लागत से मल्टी परपज इंडोर स्टेडियम व रनिंग ट्रैक के साथ सिंथेटिक फुटबाल मैदान का निर्माण किया जाएगा. खेल व युवक कल्याण विभाग ने वित्त विभाग की सहमति के बाद विभिन्न शर्तों के अधीन खेल कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है. आधिकारिक जानकारी के मुताबिक खेल कॉम्प्लेक्स का निर्माण दो चरणों में होगा. पहले चरण में इसके लिए नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-28 में 40 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है. इसके बाद दूसरे चरण में करीब 12 एकड़ क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा. खेल कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को निर्माण एजेंसी बनाया गया है. खेल कॉम्प्लेक्स के लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है. अब जल्द ही टेंडर बुलाया जाएगा, ताकि प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर खेल अधोसंरचना व सुविधाएं मिल सके. खेल कॉम्प्लेक्स में स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन हॉल विथ वुडन फ्लोर, वेटलिफ्टिंग हॉल, वॉलीबॉल, टेनिस व बॉस्केटबाल के लिए कोर्ट का निर्माण किया जाएगा. बताया गया है कि निर्माण कार्य प्रशासकीय स्वीकृति आवंटन की सीमा में दी गई तकनीकी स्वीकृति के अनुरूप किया जाएगा. खेल कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों के लिए कई सुवधिाएं रहेंगी. इनमें स्वीमगि पूल, वुडन फ्लोर वाला अंतरराष्ट्रीय मापदंडों का बैडमटिन हॉल, वेटलिफ्टिंग हॉल, वॉलीबॉल, टेनिस और बॉस्केटबाल के लिए कोर्ट भी शामिल है.

### प्रसन्ना केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**रायपुर,22 मार्च।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी आर. प्रसन्ना केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे. केंद्र सरकार ने प्रतिनियुक्ति के लिए 35 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की है, जिसमें छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अफसर आर. प्रसन्ना का नाम भी शामिल है. केंद्रीय कार्मिक व पेंशन विभाग (डीओपीटी) से उनकी पदस्थापना भी कर दी गई है. श्री प्रसन्ना को केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव बनाया गया है. श्री प्रसन्ना काफी समय से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के इच्छुक थे. राज्य सरकार द्वारा उनकी प्रतिनियुक्ति पर सहमति भी दे दी गई थी. वे पहली बार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं. केंद्र में उन्हें पांच वर्ष के लिए पोस्टिंग मिली है. श्री प्रसन्ना वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत हैं. इसके पहले वे लंबे समय तक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के साथ ही स्वास्थ्य विभाग व चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं. गौरतलब है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ कैडर के करीब डेढ़ दर्जन अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. कुछ दिनों पहले ही दो जिलों के कलेक्टर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए हैं.

### पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने का आदेश

**रायपुर 22 मार्च ।** हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों को राज्य सरकार ने अल्टीमेटम जारी कर दिया है। अगर 24 घंटे के भीतर काम पर नहीं लौटे, तो बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू की जायेगी। दरअसल नियमितिकरण सहित अन्य मांगों कोलेकर पंचायत सचिव पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर हैं। वहीं पंचायत संचानालय संचालक ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर हड़ताली पंचायत सचिवों को तत्काल काम पर लौटने का निर्देश दिय है। आदेश में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सचिवों ने हड़ताल खत्म कर 24 घंटे के भीतर काम पर वापसी नहीं की, तो कार्रवाई की जायेगी।

## सीजीएमएससी घोटाला में 5 अधिकारी बंदी,7 दिन की पुलिस रिमांड

**रायपुर,22 मार्च।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन में करोड़ों के रीएजेंट खरीदी घोटाले में ईओडब्लू की विशेष अदालत ने पांच आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है. ईओडब्ल्यू ने आरोपियों की 15 दिन की रिमांड मांगी थी. ईओडब्ल्यू ने दो आईएएस समेत सीजीएमएससी और हेल्थ विभाग के दर्जन भर अधिकारियों को तलब कर लंबी पूछताछ करने के बाद की पांचों लोगों को देर रात गिरफ्तार किया था. इसके बाद आज सुबह ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत



में पेश किया गया. ईओडब्ल्यू की ओर से मामले की तह तक जाने के लिए आरोपियों की 15 दिन की पुलिस रिमांड मांगी थी. विशेष अदालत के न्यायधीश ने सुनवाई के बाद सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया.मामले में सीजीएमएससी के तत्कालीन प्रभारी महाप्रबंधक उपकरण एवं उप प्रबंधक क्रय एवं संचालन बसंत कुमार कौशिक, तत्कालीन बायोमेडिकल इंजीनियर छिरोध रौतिया, तत्कालीन उप प्रबंधक उपकरण कमलकांत, तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर स्टोर डॉ. अनिल परसाई, तत्कालीन बायोमेडिकल इंजीनियर दीपक कुमार बाँधे विशेष अदालत के फैसले के बाद अब 28 मार्च तक रिमांड पर रहेंगे. बता दें कि कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के सीजीएमएससी ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को किस तरह से खाली किया है इस पूरे मामले को लेकर 660 करोड़ रुपए के गोल-माल को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को पत्र लिखा था. लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था. ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया. प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी. ऑडिट टीम के अनुसार डीएचएस ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था.

## मुख्यमंत्री ने पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम का किया, शुभारंभ

**रायपुर,22 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित ÷पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम÷ का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कई विषयों के विशेषज्ञ प्रदेश के सभी विधायकों के समक्ष अपने विचार एवं अनुभव साझा करेंगे, जिसका लाभ राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में विधायक साथियों को मिलेगा। इसके साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए आगामी दस वर्षों के विजन, स्वास्थ्य एवं अधोसरंचना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, प्रगतिशील



अर्थव्यवस्था के लिए कुशल लोक वित्त प्रबंधन, टीम प्रबंधन के लिए अनुभवी व्यक्ति का चयन व उसके अनुभवात्मक गतिविधि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत और सार्थक परिचर्चा होगी। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह , नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत , नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम , सभी विधायक साथी एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## शादी से लौट रहा परिवार हादसे का शिकार, 19 घायल

**रायपुर,22 मार्च।** छत्तीसगढ़ में शनिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. आज तीन अलग-अलग सड़क हादसे हुए हैं. ये दुर्घटनाएं बालोद और जीपीएम जिले में हुए हैं. इन हादसों में कुल 19 लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. पहला हादसा बोलद में हुआ है, जहां शादी कार्यक्रम से वापस लौट रहे एक ही परिवार के 17 लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए. हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है. घायलों में दो बच्चें सहित महिलाएं शामिल है. जानकारी के मुताबिक, बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वापथरा गांव के पास शादी से वापस लौट रहे परिवार की कार दुर्घटना का शिकार हो गई. उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई. सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

**खड़ी स्कूल बस और ट्रक को ट्रेलर ने मारी टक्कर**-गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के वेंकटनगर मुख्य सड़क मार्ग में रफ्तार का कहर नहीं थम रहा है. गौरेला के मथुरा पेट्रोल पंप के पास खड़ी स्कूल बस और ट्रक को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी. इस टक्कर में ट्रेलर का ड्राइवर हुआ चोटिल हो गया. घटना के बाद चालक को अस्पताल में भर्ती किया गया है. राहत की बात रही की टक्कर के बाद क्लोरिन से भरा ट्रक को नुकसान नहीं पहुंचा.

## साहित्यकार विनोद शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार

**रायपुर,22 मार्च।** छत्तीसगढ़ के रायपुर के रहने वाले हिंदी के शीर्ष कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को इस साल का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा। इसकी घोषणा आज नई दिल्ली में ज्ञानपीठ चयन समिति ने की है। छत्तीसगढ़ से किसी साहित्यकार को पहली बार ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलेगा। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले 50 साल से लेखन कर रहे हैं। विनोद कुमार शुक्ल की पहली कविता संग्रह 'लगभग जय हिंद' 1971 में प्रकाशित हुई थी। उनकी कहानी संग्रह पेड़ पर कमरा और महाविद्यालय भी बहुचर्चित है। विनोद शुक्ल के उपन्यास नौकर की कमीज, खिलेगा तो देखेंगे, दीवार में एक खिड़की रहती थी हिंदी के श्रेष्ठ उपन्यासों में शुमार हैं। उनके उपन्यास 'नौकर की कमीज' पर जाने-माने फिल्मकार मणिकौल ने एक फिल्म भी बनाई थी। विनोद कुमार शुक्ल कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजनभारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुन्दरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी दिया गया है। पिछले ही साल उन्हें पेन अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के लिए नाबोकॉव अवॉर्ड से सम्मानित किया था। एशिया में इस सम्मान को पाने वाले वे पहले साहित्यकार हैं।



## 97 करोड़ के घोटाले में भी आया था जस्टिस यशवंत वर्मा का नाम

**नई दिल्ली,22 मार्च।** दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनके आधिकारिक आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया गया। यह खुलासा तब हुआ जब उनके घर में आग लगने की सूचना के बाद दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की। बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने से एक पुराने आर्थिक घोटाले की परतें फिर से खुलने लगी हैं। यह घोटाला सिम्भौली शुगर मिल फ्रॉड केस से जुड़ा हुआ है, जिसमें जस्टिस वर्मा भी एक आरोपी के रूप में नामित थे। 2018 में, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सिम्भौली शुगर मिल्स लिमिटेड के खिलाफ एक जांच शुरू की थी, जिसमें कंपनी पर ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से लिए गए करोड़ों रुपये के ऋण को गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप था। बैंक ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपये के ऋण का दुरुपयोग किया और इन धनराशियों को अन्य उद्देश्यों के लिए मोड़ दिया। मई 2015 तक इस घोटाले को संभावित धोखाधड़ी मानते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को रिपोर्ट कर दिया गया था। CBI ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें यशवंत वर्मा 10वें आरोपी के रूप में सूचीबद्ध थे। उस समय, वह कंपनी के नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। हालांकि, जांच धीमी होती चली गई और किसी बड़े कदम की घोषणा नहीं की गई। फरवरी 2024 में एक अदालत ने सीबीआई को बंद पड़ी इस जांच को दोबारा शुरू करने का आदेश दिया था। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद, सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया, जिससे CBI की प्रारंभिक जांच को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। इस फैसले के बाद, सिम्भौली शुगर मिल घोटाले से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं की किसी भी जांच की संभावना खत्म हो गई। रिपोर्टों के मुताबिक, आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मियों को संदिग्ध परिस्थितियों में भारी मात्रा में नकदी मिली, जिसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम तक पहुंचा। कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की है, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह ट्रांसफर नकदी बरामदगी की जांच से संबंधित नहीं है। हालांकि भारी मात्रा में नकदी मिलने से उनकी पुरानी वित्तीय गतिविधियों पर फिर से सवाल उठने लगे हैं।



इससे न केवल उनकी 22 वर्षों की बेदाग न्यायिक छवि प्रभावित हुई है, बल्कि सिम्भौली शुगर घोटाले में उनकी भूमिका पर भी नए सिरे से बहस छिड़ गई है। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, यह बेहद गंभीर मामला है। जस्टिस वर्मा उन्नाव बलात्कार जैसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई कर रहे थे। जनता के न्यायपालिका में भरोसे को बनाए रखने के लिए यह पता लगाना जरूरी है कि यह पैसा किसका था और इसे जज को क्यों दिया गया। उन्होंने यह भी तंज कसा कि दमकल विभाग ईडी और सीबीआई से बेहतर काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की आंतरिक जांच शुरू कर दी है और उनकी रिपोर्ट आज भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस बीच, जस्टिस वर्मा के 22 साल के अब तक के बेदाग करियर पर सवाल उठ रहे हैं, और यह घटना न्यायपालिका की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर बहस छेड़ रही है।

### जंगली सूअर के हमले में घायल मासूम की मौत

**बीजापुर,22 मार्च।** जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के एडापल्ली निवासी रामा वेलादी की 6 वर्षीय मासूम बच्ची का इलाज के दौरान चंद्रपुर महाराष्ट्र में मौत हो गया। बच्ची पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 17 मार्च को एडापल्ली गांव में अचानक कुत्तों को जंगली सुअर के पीछे भागते देख मासूम बच्ची भी कुत्तों के सात दौड़ गई। इसी दौरान झाड़ियों में छुपा सूअर हमला कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक इस दौरान कोई बड़ा मौजूद नहीं था। सूअर के हमले से बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। जब परिजनों को पता चला तो उसे ले कर इंद्रावती नदी पार कर अहेरी जिला अस्पताल पहुंचाया।

**एक नजर**

### लोहा चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार



**भिलाई, 22 मार्च।** बीएसपी कर्मी के फर्जी गेटपास से प्लांट में प्रवेश कर वहां से लोहा चोरी करने वाले शातिर आकाश कुहीकर को सीआइएसएफ के जवानों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है आरोपित ने कार की पिछले सीट के नीचे एक गुप्त पेटी बनवा रखी थी और उसमें लोहा छिपाकर निकल रहा था भट्ठी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रतिबंधित प्रवेश में चोरी, कूटरचना और राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी कर जेल भेजा है भट्ठी टीआई राजेश साहू ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट पर सीआइएसएफ के जवानों ने एक कार सीजी-07 एम 4863 को रोककर तलाशी ली कोर की पिछली सीट के नीचे एक गुप्त पेटी मिली, जिसमें करीब 530 किलो ग्राम वजनी 29 लोहे के हैमर मिले आरोपित से बीएसपी कर्मी सूरज सिंह के नाम का गेटपास भी मिला, लेकिन जांच में वह फर्जी निकलां पूछताछ में आरोपित ने अटल आवास अर्जुन नगर कैंप-एक का निवासी बताया आरोपित ने यह भी स्वीकार किया कि उसने प्लांट में प्रवेश करने के लिए फर्जी गेटपास बनवाया था इसके बाद सीआइएसएफ ने आरोपित को भट्ठी पुलिस के हवाले किया कार की सीट के नीचे गुप्त पेटी में लोहा छिपाकर निकल रहा था चेकिंग के समय सीआइएसएफ के जवानों ने पकड़ा पुलिस के हवाले।

### दो बदमाश मोबाइल छीनकर फरार

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई एनएसपीसीएल पुरैना में पदस्थ सीआइएसएफ का सिपाही झपटामारी का शिकार हो गया। पीड़ित शाम को टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान उसके पास फोन आया तो पीड़ित मोबाइल निकालकर बात कर रहा था तभी स्कूटी सवार दो बदमाशों ने पीड़ित कां मोबाइल छीनकर फरार हो गए घटना की शिकायत पर पुरानी भिलाई पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पतासाजी शुरू की है पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि शिव मंदिर के पीछे पदुम नगर भिलाई-तीन निवासी शिकायतकर्ता मनोज मित्रा सीआइएसएफ में प्रधान आरक्षक है और एनएसपीसीएल पुरैना में पदस्थ है शिकायतकर्ता गुरुवार की शाम करीब छह बजे टहलने के लिए निकला था। वह पदुम नगर के बघेल मेडिकल के पास पहुंचा था तभी एनएसपीसीएल से फोन आने पर शिकायतकर्ता वहीं पर मोबाइल निकालकर बात कर रहा था। तभी एक सफेद रंग की स्कूटी पर दो बदमाश चेहरे पर कपड़ा बांधकर पहुंचे और पीड़ित के हाथ से उसका मोबाइल झपटकर भाग गए। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर पुलिस, आरोपित की तलाश में जुटी है ।

### हाईवा की टक्कर से युवक की मौत

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई मोहन नगर टीआई शिव चन्द्रा ने बताया कि ( साल 28) कान्हा शर्मा निवासी गंजपारा दुर्ग अपनी एक्टिवा सीजी 07 बीसी 1417 पर सवार होकर धमधा नाका ओवर ब्रिज से जा रहा था। इसी समय सामने से आ रही तेज रफ्तार हाईवा सीजी 07 ए जेड 4282 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक की एक्टिवा को टक्कर मार दी इससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई हाईवा चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया मोहन नगर थाने पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

### आत्महत्या

**भिलाई, 22 मार्च।** भिलाई नेवई भाठा बस्ती निवासी 45 वर्षीय रमेश ठाकुर नाम के व्यक्ति ने शुक्रवार की सुबह मरोदा रेलवे फाटक के ऊपर से कूदकर आत्महत्या कर ली घटना का कारण अज्ञात है नेवई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है नेवई पुलिस ने बताया कि रमेश ने शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे फ्लाई ओवर के ऊपर से छलांग लगा दी आसपास के लोग पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी सूचना मिलते ही नेवई पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसके शव को चीरघर भिजवाया। परिवार वालों से प्रारंभिक तौर पर हुई पूछताछ में अभी तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है ।

# शिवनाथ के जल से बुझेगी नगरवासियों की प्यास

## पेयजल योजना के छह माह में प्रारंभ होने की संभावना, नगर सरकार की पीएचई के अधिकारियों के साथ बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,22 मार्च।** लंबे अंतराल के इंतजार के बाद अब उम्मीद लगाई जा रही है कि नगर वासियों को वृहद पेयजल योजना के प्रारंभ होने से पानी की समस्या से निजात मिलेगी और शिवनाथ का पानी छह माह के अंतराल में ही नगर के घर घर पहुंचेगा।इस विषय पर नगर पंचायत उतई में आज नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू ,उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख तथा पार्षद सोनू राजपूत,संगीत रजक,सुनीता चंद्राकर,विजयलक्ष्मी साहू,रमशिला नेताम, खूबी राम साहू,भीमसेन सिन्हा के साथ पी एच ई के अधिकारी विशाल गेडाम तथा प्रकाश ठाकुर, सीएमओ राजेंद्र नायक, इंजीनियर आशीष भारती की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई । बैठक में सालों से लंबित इस योजना को शीघ्र प्रारंभ कर नगर वासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाने और कितना समय लगेगा इस पर चर्चा हुई ।विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है तथा एक बार ट्राइल में किया जा चुका है कुछ तकनीकी कारणों से इसे रोका गया था वो तकनीकी समस्या का समाधान कर इस योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है आने वाले वर्ष 2026 की गर्मी के पूर्व इस योजना को पूरी तरह से कंप्लीट कर दिया जायेगा और उस गर्मी में नगर वासियों को शिवनाथ का पानी मिलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा में बताया कि छह माह का इंतजार और है इस वर्ष की गर्मी में आमजन को परेशानी ना हो इस हेतु नगर पंचायत उतई ने पूरी तैयारी कर ली है खासकर पेयजल की समस्या बिल्कुल भी नहीं आने दी जाएगी और आने वाले एक वर्ष में वृहद पेयजल योजना को प्रारंभ कर नगर वासियों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करने नगर की सरकार संकल्पित है और इसे हम पूरा करेंगे।




### छुट्टी के दिन भी जमा कर सकते हैं टैक्स

**भिलाई, 22 मार्च ।** छुट्टी के दिन भी नगर निगम भिलाई में संपत्ति कर जल कर भू भाटक जमा कर सकते हैं। कार्यालयीन समय में ऑफिस खुला है। सभी जोन कार्यालय, मुख्य कार्यालय में कर्मचारी बैठे हुए हैं। जो नौकरीपेशा हैं उनके लिए विशेष अवसर है, वे छुट्टी का उपयोग कर सकते हैं। मार्च से पहले संपत्ति कर जमा करने पर 18 पर्सेंट का ब्याज नहीं लगेगा। रु. 1000 प्रतिवर्ष का अधिभार भी बच जाएंगे। फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वहां कर्मचारी बैठे हुए हैं। सहयोग करेंगे। शनिवार, रविवार सभी छुट्टियों के दिन में ऑफिस खुला रहेगा।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 22 मार्च।** नगर पालिका परिषद जामुल में समर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थें। अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार ने किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ मैंच में नपा अध्यक्ष ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर मैंच प्रारंभ करवाया। श्री ठाकुर ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा समाप्ति के पश्चात आप लोगो द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया है वो सराहनीय। क्योंकि खेल भी हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो कि स्वस्थ शरीर के निर्माण में आवश्यक है। प्रायः आज के अधिकतर युवा मोबाईल फोन में व्यस्त रहते है। उसका ये सुन्दर विकल्प है यह क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि आज हमारे क्षेत्र जामुल मे हो रहा हैं जैसे कि आयोजन समिति ने बताया कि समर लींग जामुल एवं जय श्री राम सुरडुंग सह आयोजक है और इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमे भाग ले रही है। जो कि हमारे आस पास के ग्रामीण क्षेत्र से भी है। उन्हे मैं शुभकामनायें देता हु कि वो खेल में अच्छा प्रदर्शन करे और आगे बढ़े। क्रिकेट प्रतियोगिता के के आयोजक निलेश चक्रधारी, रवि साहू, श्यामू साहू, दिपांशु नारंग, प्रदीप निषाद, धनराज चक्रधारी सहित विभिन्न टीमों 1. शिवपुरी वारियर, 2. मलपुरी इंडियन, 3. दिविजा इलेवन, 4. अनंत फाइटर, 5. टारगेट वारियर, 6. वान्या इलेवन, 7. जय श्री राम, 8. चेम्पीयन बासीन, 9. असग इलेवन, 10. अमर इलेवन के खिलाड़ीगण उपस्थित थे । इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रूपये, द्वितीय पुरस्कार - इकहत्तर हजार एक सौ ग्यारह रूपये, विजेता एवं उप विजेता टीम के लिए रखा गया है ।

# मढ़ियापार में अजय गुरु की मूर्ति स्थापित की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,22 मार्च।**बघुवा जस परिवार के तत्वावधान मे आयोजित पुरखा के सुरता आदरणीय गुरुदेव स्व अजय उस्ताद जी के श्रद्धांजली कार्यक्रम हर साल अलग अलग गांवो में मनाया जाता है इस वर्ष मढ़ियापार नगपुरा मे मनाया गया 20 मार्च गुरुवार को जिसमे सभी जस गीत रचनाकार एवं गायक का आगमन हुआ जिसमें मे सभी कलाकारों का मंगल वर्मा रचनाकार एवं गायक एवं बघुवा परिवार के समस्त कलाकारों के द्वारा पुष्प माला एवं श्री फल से सम्मानित किया गया जिसमें श्री अरुण यादव जस सम्राट दुकालू यादव जी डेविड निराला पुरन साहू रामाधार सारथी सुनील सिहोरे जी रचनाकार श्री तारा सिंह चौहान हर्ष कुमार बिंदू कमलेश सिन्हा जी उभयराम बहतीदरीया दरिया राजनांदगांव जस एवं फाग संघ के अध्यक्ष कठोलिया जी चेतन बघधरRA मनोज पटेल नारायण साहू अखिल पटेल लक्ष्मण बाबा जी सुरेश ठाकुर जी अविनाश सपहा मिडिया प्रभारी दुर्वासा आदि कलाकारों का बघुवा जस परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में जस एवं फाग के कलाकारों ने बढ़े ही दुर दुर से आए कलाकारों ने भाग लिया बघुवा जस परिवार के के मंडली के कलाकारों ने जस गीत गाकर सभी ग्रामवासी का मनमोह लिया एवं रात्रि में जस झांकी परिवार के द्वारा बड़े ही अच्छे अच्छे झांकी का भी आयोजन किया गया जिसका आनंद ग्राम वासी एवं बाहर से आए कलाकारों ने लिया यह आयोजन देर रात्रि तक चलता रहा यह जानकारी बघुवा परिवार के श्री मंगल वर्मा रचनाकार एवं उस्ताद अशोक देवांगन जी ने दी ।

# विश्व जल दिवस पर जलदूतों का सम्मान, जागरूकता रैली भी




**भिलाई, 22 मार्च ।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी पीएचईअनुभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 21 मार्च को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी, महाप्रबंधक विष्णु पाठक महाप्रबंधक संजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक जे पी सिंह विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए आयोजन की सराहना की और कहा कि पानी का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व हैं। जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है। प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने वैश्विक जल संकट पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल एक चुनौती है। इस अवसर पर महाप्रबंधक जनसंपर्कद्ध प्रशान्त तिवारी, महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, उप महाप्रबंधक एके गर्ग, उप महाप्रबंधक डी सी सिंहए सहायक महाप्रबंधक पी एल साहू, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, सहायक महाप्रबंधक यशवंत साहू, सहायक महाप्रबंधक वाई के साहू व कमरुद्दीन, सहायक महाप्रबंधक सुश्री पद्मिनी कुमारए सहायक महाप्रबंधक वी एस रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कनिकदले, वरिष्ठ प्रबंधक वी के भोंडेकर, प्रबंधक आर के सिंहए उप प्रबंधक मनोज सिंह सहित नगर सेवाएं विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन सुप्रियो सेन ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विष्णु पाठक ने किया।

जल के संरक्षण और प्रबंधन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से महाप्रबंधक विष्णु पाठक के नेतृत्व में किया गया। रैली में महाप्रबंधक ;जनसंपर्कद्ध प्रशान्त तिवारीए उप महाप्रबंधक डी सी सिंहए सहायक महाप्रबंधक पी एल साहूए सहायक महाप्रबंधक सुश्री सरोज झाए सहायक महाप्रबंधक वी एस रॉयए वरिष्ठ प्रबंधक वी के भोंडेकरए प्रबंधक आर के सिंह, उप प्रबंधक मनोज सिंह सहित नगर सेवाएं विभागए जल प्रबंधन विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा संयंत्र के अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण सहित ठेका श्रमिक बड़ी संख्या में लगभग 400 से अधिक सम्मिलित हुए।

### मैहर मेला, चैत्र नवरात्रि में दर्शनार्थियों के लिए रेलगाड़ियों के अस्थायी ठहराव की सुविधा

**भिलाई, 22 मार्च।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन 30 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा । इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा गाड़ियों का अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है । गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग - नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थाई ठहराव 2 से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में दिया गया है । गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा -दुर्ग एक्सप्रेस का ठहराव 30 मार्च से 11 अप्रैल तक मैहर स्टेशन में दिया गया है।

# महापौर परिषद ने दी विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान



**भिलाई, 22 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में ली गई। बैठक में विभिन्न एजेण्डा को विस्तृत चर्चा हेतु विचारार्थ रखा गया था। पूर्व में महापौर परिषद के अनुमति के प्रत्याशी में प्रस्तावित खेल परिसर पर बिन्दुवार चर्चा हुई। उक्त स्थल का ड्राईग, डिजाईन एवं खिलाड़ियो को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उपअभियंता बसंत साहू द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमें महापौर पाल, एमआईसी के सदस्यों एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में खेल परिसर में विभिन्न खेलों के लिए कार्य योजना का विस्तृत व्याख्या किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कार्य का स्वरूप क्या होगा, किस प्रकार का सुविधा होगा, कहां पर किस प्रकार का खेल गतिविधि होगी। कौन-कौन से स्पोर्ट्स इसमें शामिल होगें। खिलाड़ियो को किस प्रकार की सुविधा मिलेगी, इसको संचालित कौन करेगा। निर्माण की समय अवधि क्या रहेगा आदि बिन्दुओ पर चर्चा उपरांत सदस्यगण अपनी सुझाव एवं सहमति प्रदान किए। महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर, निगम के सचिव/उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, रवि सिन्हा, संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा, वीनिता वर्मा, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्थापना प्रभारी श्रीमती रीता चतुर्वेदी, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, देवराज राजपूत, आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ललित ने की पहल अरपा ने खोला बर्तन बैंक



**रिसाली,22 मार्च।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पहल की है। उनकी अनुशंसा पर अरपा स्व सहायता समूह को बर्तन उपलब्ध कराया। आजीविका मिशन कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष अनूप साहू व राजू जंघेल ने समूह को बर्तन सौपा। वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से निःशुल्क बर्तन दिया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि महिला समूह बर्तनों का निश्चित दर पर किराए पर देगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या को बढ़ा भी सकती है। इससे महिलाएं को अतिरिक्त आमदनी होगी। बर्तन सौपते समय सहायक परियोजना अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अरपा महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने संकल्प ली कि विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्पोजल सामानों का उपयोग नहीं करेंगी। वहीं आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराए बर्तनों का उपयोग करने लोगों को प्रेरित भी करेंगी।

### भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 29 मार्च को

**उतई,22 मार्च।** माँ कर्मा सामुदायिक भवन, शीतला नगर उतई में भक्त माता कर्मा जंयती महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 29 मार्च शनिवार को आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री ताम्रध्वज साहू पूर्व मंत्री - गृह जेल, लोक निर्माण, कृषि, धर्मस्व एवं पर्यटन विभाग छ.ग. शासन होगे।अध्यक्षता श्री नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग होंगे , प्रमुख अतिथि,ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण उपाध्यक्ष छ ग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, श्रीमती रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन अतिविशिष्ट अतिथि श्री पुसऊ राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग श्री खिलावन साहू अध्यक्ष पुरई परिक्षेत्रीय साहू संघ श्रीमती सरस्वती साहू अध्यक्ष नगर पंचायत उतई श्री डिकेन्द्र हिरवानी श्री किशोर साहू ,अध्यक्ष नगर साहू समाज उतई गिरीश साहू सचिव नगर साहू समाज आदि उपस्थित रहेंगे।

# महामाया खदान इमलीपारा में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भिलाई, 22 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत महामाया लौह अयस्क खदान से सम्बद्ध गांव इमलीपारा में 20 मार्च को 7 दिवसीय ग्रामीण क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक शिवराजन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक शिवेश कुमार, उप महाप्रबंधक मनीष जायसवाल, उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े एवं वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार सहित ग्राम पंचायत कुमुड़कट्टा के सरपंच डोमेन्द्र कोर्राम, महामाया खेल समिति के अध्यक्ष सोहित मांडवी तथा संयोजक कमलकांत नेताम उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्षन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह के अवसर पर बालिका कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 7 दिन तक चलने वाले इस क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट तथा रस्सा कसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस खेल प्रतियोगिता में महामाया लौह अयस्क खदान से सम्बद्ध गांव कुमुड़कट्टा, इमलीपारा, महामाया, नालकसा, आड़ेझर, कोटागांव, कोपेडेरा के खिलाड़ी भाग लेकर अपने खेल कौषल का प्रदर्शन करेंगे। खदान क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संयंत्र द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर लिया गया पेड़ों को संरक्षित करने का संकल्प



**भिलाईनगर,22 मार्च।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 150 से अधिक उद्यान है, जिसमें कुछ उद्यान ऐसे हैं जहां पर पुराने पेड़ जो पहले के लगे हुए हैं। उन्हें संरक्षित करके उद्यानों को बनाया गया है, ऐसे जगहो पर नए पेड़ भी लगाए जा रहे हैं। आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को लेकर के विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जो पुराने पेड़ है, उनमें कई जगहों पर दीमक लग रहा था। उन सभी पेड़ों पर नीला थोथा और चूना मिलाकर के पुताई करवाया जा रहा है। जिससे पेड़ों में दीमक ना लगे दीमक बड़े से बड़े पेड़ो को खाकर सूखा देते है। इसके साथ ही निगम का यह प्रयास है कि पेड़ों को अधिक से अधिक बचाया जाए। प्रतिवर्ष पेड़ लगाये जा रहे है, उन्हे संरक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा नगर निगम भिलाई को 131 पुराने जीवित पेड़ प्रदान किया जा रहे हैं जो अन्य निर्माण कार्यों से प्रभावित हो रहे हैं। उन पुराने पेड़ों को निगम के खाली जगह पर लगाया जाएगा। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। विशेष करके कोसा नाला शहरी कांजी हाउस में यहां पर बहुत से जानवर है, बड़े बड़े पेड़ लग जाने से उन्हे गर्मी में राहत मिलेगी। पेड़ जिम गार्डन, राशि उद्यान एवं अन्य खाली जगहों पर लगाए जाएंगे। सभी जोन से पेड़ लगवाने के बारे में रिपोर्ट ली गई है। बड़े बड़े हरे भरे पेड़ एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किए जायेगे। आयुक्त पाण्डेय के आदेशानुसार नगर निगम के पुराने कर्मचारियो को भी पेड़ो में पानी डालने के लिए डयूटी लगाये गये है। जो विभागीय कार्य करने में असमर्थ थे, अब वे उद्यानों में कार्य कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद से सचिव जितेन्द्र सिंह, नरेश गुप्ता, संजय भाटिया, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, पर्यावरण मित्र संस्था के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# समाचार संक्षेप

## गांव-गांव में परोसी जा रही शराब : चुम्मन

**छुरिया।** अच्छे दिन और सुराज के नाम पर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है चारों ओर हाहाकार मच गया है। गांव, गरीब, किसान और आम नागरिकों को सुख सुविधा के नाम पर कुछ भी हासिल नहीं हुआ है और सिर्फ कागजी कार्यवाही में भाजपा सरकार के विकास की गाथा पढ़ने मिल जायेगी जबकि जमीनी हकीकत कोसों दूर है। कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री चुम्मन साहू ने उक्त बातें कहीं उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार ठोस विकास तो नहीं कर पाई है बल्कि गांव गांव में शराब की बिक्री बहुत ज्यादा हो गई है वैध और अवैध तरीके से गांवों में शराब पहुंच रही है और गांव का आदमी शराब की जकड़ में आ गया है और ऐसा हो भी क्यों न क्योंकि साय सरकार को इससे मतलब नहीं है कि गांव के आम आदमी और गांव का विकास कैसा है साय सरकार के लिये तो सबकुछ पैसा है अपने शराब बिक्री के लक्ष्य को पाने के लिये साय सरकार कुछ भी कर सकती है किसी भी हद को पार कर सकती है। राजनांदगांव जिला में देशी और विदेशी की 8 नयी शराब दुकान खोलने की तैयारी चल रही है। जिनमें चारभांठा, चौथना, मोहारा, रंगीटोला, खुज्जी, मुरमुंदा, मारगांव और लिटिया गांव में खुलने वाली है इन नयी दुकानों के खुलने से भाजपा सरकार की आय तो बढ़ बढ़ जायेगी लेकिन गांव के विकास का क्या होगा। क्या यही है साय सरकार का विकास भाजपा सरकार के ऐसे विकास की किसको आशा थी सिर्फ और सिर्फ शराब की नयी दुकान खोल कर गांव के विकास की बात करने वाली भाजपा सरकार को गांव और गांव के आम आदमी के विकास के बारे में सोचना चाहिये।



## न्याय पदयात्रा में पुलिस सुरक्षा देने कलेक्टर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़/राजनांदगाव, 22 मार्च।** प्रदेश के नक्सल पीड़ित परिवारों द्वारा 25 मार्च को न्याय पदयात्रा निकालने जा रहा है यह पदयात्रा भाजपा कार्यालय राजनांदगांव के सामने से होकर गृह मंत्री निवास रायपुर जाएंगे। पीड़ितो के हक लिए संघर्षरत धीरेंद्र साहू ने बताया कि प्रदेश के पीड़ित परिवारों को पुनर्वास करने नीति सन 2004 मे बनाई गई है नीति तहत शासकीय नौकरी, आवास, सहायता राशि, शिक्षा, प्रदान करने का प्रवधान है. समय सीमा के भीतर कोई भी पीड़ित परिवार को लाभ नहीं दिया गया. आज भी नियम कानून का हवाला देकर योजना से वंचित कर रहे हैं. जिसकी जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, को कई बार आवेदन दिया गया लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिस कारण पीड़ित परिवार अपने हक के लिए न्याय पदयात्रा करके अपनी दुख दर्द पीड़ा गृह मंत्री महोदय को बताएंगे व पूनर्वास नीति का लाभ दिलाने गुहार लगाएंगे।



## बमलेश्वरी परिक्रमा पथ के लिए 55 करोड़ से ज्यादा की मंजूरी से हर्ष : रविन्द्र रामटेके

**राजनांदगांव ।** जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जिले सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के माता बमलेश्वरी तीर्थ डोंगरगढ़ में परिक्रमा पथ (फोर लेन ) निर्माण के लिए 55 करोड़ 35 लाख से ज्यादा की मंजूरी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से मिली है। जो वाकई बहुत बड़ी उपलब्धि है। श्री रामटेके ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से एवं मां बमलेश्वरी की कृपा से अनुपूरक बजट में स्वीकृत डोंगरगढ़ परिक्रमा पथ की आज तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो गई। जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। विदित हो कि इस स्वीकृति मिलने से अब 8 किलोमीटर के फोरलाइन मार्ग का अब कार्य तेज गति से शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग को 55 करोड़ 35 लाख 57 हजार रुपए की तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद अब निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र की जनता की ओर से श्री रामटेके ने इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. रमन सिंह के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया है।



## पंचायत सचिव संघ की हड़ताल को समर्थन

**राजनांदगांव, 22 मार्च।** ग्राम पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय निर्देशन पर की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल में आज जिला राजनांदगांव के किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव के पूर्व उपाध्यक्ष मदन साहू के द्वारा समर्थन देने हेतू हड़ताल



स्थल पर शिरकत किया गया एवं श्रीमान साहू के द्वारा हड़ताल के सचिवों के द्वारा किए जा रहे हड़ताल के संबंध में बताया गया कि इन लोगो का मांग जायज है एवं सत्ता पर काबिज सरकार मोदी की गारंटी के भरोसे पर सरकार बनाई है परंतु मोदी की गारंटी को सरकार पूरा करने में असफल हो रही श्रीमान साहु यह भी कहा की सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंचों का प्रभार देने एवं ग्राम पंचायत में की प्रकार की समस्या उत्पन्न हो गई है जिसकी पूर्ण जिम्मेदार यह भाजपा की सत्तारूढ़ सरकार है हड़ताल में सचिव संघ ब्लॉग डोंगरगांव अध्यक्ष श्री रामदुलार साहु योगेश साहु पुनमचंद साहु कोमल साहू निलेश ग्रुरवे शशिकांत मोनिका खत्री ज्योति राजकुमारी विजय साहू डेमन साहू सहित डोंगरगांव के कुल 70 सचिव सम्मिलित रहे।

# पूरे देश को ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय ने विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित विश्व वानिकी दिवस संगोष्ठी में शामिल होकर प्रदेशवासियों को वन संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का 'ऑक्सिजोन' बनकर पूरे भारत को ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत का अभिन्न हिस्सा भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2025 का विश्व वानिकी दिवस 'फारेस्ट एंड फूड% थीम पर आधारित है, जो इस बात पर बल देता है कि वन केवल ऑक्सीजन ही नहीं, बल्कि पोषण, रोजगार और संस्कृति का भी स्रोत हैं। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'वाइल्ड एडिबल प्लांट्स इन छत्तीसगढ़ स्टेट' पुस्तक का विमोचन किया तथा पुदीना-मिंट फ्लेवर के बस्तर काजू प्रोडक्ट को लॉन्च भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी जनजातीय भाई बहनों की है जो वनों के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वनों में निवासरत जनजातीय भाई-बहनों को वनाधिकार पट्टे प्रदान कर रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और खेती की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि बस्तर की इमली, जशपुर का महुआ, चिरौंजी, हर्रा-बहेड़ा जैसे सैकड़ों लघु वनोत्पाद छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान हैं, जिनका वैल्यू एडिशन कर आदिवासी परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के जलप्रपात, वनवासी संस्कृति और समृद्ध जैव विविधता पूरे देश के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। बस्तर का धूड़मारास अब विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान बना चुका है। पर्यटन का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में लगभग चार करोड़ वृक्ष लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में पीपल फॉर पीपल कार्यक्रम के अंतर्गत हर चौराहे पर पीपल का रोपण किया गया है, जो भविष्य में शुद्ध ऑक्सीजन का सशक्त स्रोत बनेंगे। पीपल का पेड़ वैज्ञानिक रूप से सबसे अधिक ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष है, और यह पहल शहरी हरियाली की दिशा में एक प्रभावी कदम है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के वन विश्व के सबसे सुंदर वनों में गिने जाते हैं। साल और सागौन के वृक्ष यहां की प्राकृतिक शोभा हैं। साल के वनों में एक अनूठा सम्मोहन है और यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक जंगल हैं, तब तक जीवन है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों का पूरा जीवन वनों पर आधारित है।




उनका जीवनस्तर ऊँचा उठाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, और इसका सबसे कारगर उपाय वन क्षेत्र का विस्तार है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी भाई-बहनों के पास प्रकृति का अनुभवजन्य ज्ञान है - उसका समुचित उपयोग कर हम विकास और संरक्षण दोनों को संतुलित कर सकते हैं।

# प्रशासन की लापरवाही के चलते तीन सालों से भटक रहे हैं अन्या नवागांव के किसान

### जिपं सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**छुरिया, 22 मार्च।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम अन्या नवांगांव के ग्रामीणों ने आज कलेक्टर संजय अग्रवाल को प.ह.न. 09, की कृषिभूमि को प.ह.नं. 19, लालबहादुर नगर, से हटाकर पुनः प.ह.नं. 09 में दुरूस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा जिस पर श्री अग्रवाल समस्या का समाधान जल्द करने का आश्वासन दिया है।जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने बताया कि ग्राम अन्या नवांगांव प.ह.नं.9 विकासखण्ड डोंगरगढ की समस्त कृषिभूमि प.ह.नं. 19. लालबहादुर नगर,में स्थानांतरित हो जाने के कारण अन्या नवांगांव के किसान तीन वर्ष से न्याय के लिए भटक रहे हैं किसी भी प्रकार की बीमा व अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे है किसान बीमा की राशि भी नगद व के.सी.सी. के माध्यम से बीमा कराते हैं। सहकारी सोसायटी में जाने के



बाद बताते हैं कि आपके ग्राम का नाम लाल बहादुर नगर प. ह.नं. 19 में चला गया है। जानकारी हम ग्रामवासियों को होने पर उक्त ऑनलाईन त्रुटि को सुधार करवाने विगत 3 वर्षों से कलेक्टेड एवं कृषि विभाग का चक्कर लगाते लगाते थक गए हैं।पर आज पर्यंत तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है।जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जिसके चलते समस्त ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि यदि किसानों को जल्द ही न्याय नहीं मिली तो शासन प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन कर शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे व चक्का जाम करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के साथ फगवाराम वर्मा, ब्रम्हानंद वर्मा, इश्वरी प्रसाद वर्मा, नरेश वर्मा, गणेश वर्मा, कोशल वर्मा, राजकुमार वर्मा, सचिव वर्मा, रामु वर्मा, अमृत वर्मा आत्मा वर्मा, सुरेश वर्मा, श्यामु वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही न हो वंचित : कलेक्टर

**राजनांदगांव 22 मार्च।** ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि की गई है। योजनांतर्गत छूटे हुये पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए वर्ष 2018 में तैयार किए गए आवास प्लस सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित किया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी छूटे हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ लेने से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित नहीं होना चाहिए। इस महती योजना का लाभ लेने के लिए ग्राम पंचायतों के सचिव, आवास मित्र एवं रोजगार सहायक से संपर्क जरूर करें। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण के लिए ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक बनाया गया है, सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है। नये मापदण्ड के आधार पर ग्राम पंचायतों में सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल करने के लिए प्रगणकों द्वारा आवास एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है।

# पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, ग्राम पंचायतों में तालाबंदी

**डोंगरगांव ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शासन की वादाखिलाफी के विरोध में प्रदेशभर के 11 हजार से अधिक पंचायत सचिव आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते पंचायत कर्मियों ने जनपद पंचायत कार्यालय के समीप धरना आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। पंचायत सचिवों की हड़ताल से पूरे ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में कार्य ठप हो गया है, जिससे तालाबंदी की स्थिति बन गई है। जानकारी के अनुसार, ब्लॉक के लगभग 40% ग्राम पंचायतों में अब तक नव-निर्वाचित सरपंचों का चार्ज ही नहीं हुआ है। ऐसे में पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है।

**शासन के वादे अधूरे, सचिवों में आक्रोश**-गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने कर्मचारियों के नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और क्रमोन्नति जैसे कई लुभावने वादे किए थे। सत्ता में आने के बाद सरकार ने 100 दिनों के भीतर इन वादों को पूरा करने का संकल्प लिया था। अपने



घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का भी वादा किया गया था। लेकिन सरकार बनने के 400 दिन बाद भी इस संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे पंचायत सचिवों में आक्रोश है। पिछले वर्ष पंचायत सचिव दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कमेटी गठित करने की घोषणा की थी। उन्होंने वादा किया था कि रिपोर्ट एक महीने के भीतर जमा कराकर शासकीयकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। लेकिन आज तक उस रिपोर्ट का भी कोई अता-पता नहीं है। इससे नाराज होकर पंचायत सचिवों ने अनिश्चितकालीन कामबंद, तालाबंदी और कलमबंद हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

**जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन**-डोंगरगांव ब्लॉक में बड़ी संख्या में पंचायत सचिव जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन पर बैठे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामदुलार साहू, योगेश साहू, लोकनाथ यदु , महेश सोनटेके,चमन साहू, मोनिका खत्री, मौसमी साह, नरेन्द्र, उपेश यादव, कृष्णा साह, दौवाराम साहू, डेरहाराम साहू, करण जोशी, मनहरण, गंगा निषाद, गंगा प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे। पंचायत सचिवों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## घमेन्द्र कुमार को सांईटिस्ट अवार्ड से किया गया सम्मानित

**राजनांदगांव 22 मार्च।** डॉ. घमेन्द्र कुमार साहू को शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में जलवायु परिवर्तन एवं स्थायी विकास विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित महंत राजा दिग्विजय दास यंग सांईटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। नवीनतम वैज्ञानिक ज्ञान एवं अनुसंधान, नवाचार के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता तथा समर्पण के साथ किए गए कार्यों के लिए उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि परमाणु, आणविक और जैविक भौतिकी में, परमाणु और आणविक वस्तुओं के साथ इलेक्ट्रॉन प्रभाव टकराव का अध्ययन अन्वेषण का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

# 28664.83 लीटर अंग्रेजी शराब नष्ट की गई

**राजनांदगांव, 22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर सभी अधिकारियों के समक्ष सीआईटी कॉलेज के आगे मैदान में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत की कार्यवाही में न्यायलय आदेशित 619 प्रकरण एवं न्यायलय लंबित 568 प्रकरण कुल 1187 प्रकरणों में जप्त 28664.83 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 1,51,05,511/-रूपये, 9741.217 लीटर देशी शराब कीमती 36,19,852/-रूपये, 187.58 लीटर बीयर कीमती 46,400/-रूपये, 1324.79 लीटर महुआ कीमती 2,06,055/-रूपये कुल 39918.417 बल्क लीटर कीमती 1,89,77,818/- रूपये का अवैध शराब के उपर रोड़ रोलर चलाकर किया गया विधिवत नष्टीकरण। वर्ष 2012 से वर्ष 2024 तक न्यायलय आदेशित एवं न्यायालय विचाराधीन भारी मात्रा में अवैध शराब का नष्टीकरण होने से थानों के मालखाना खाली हुये है जिससे अन्य समानों के



रखरवाव में पुलिस को मद्दत मिलेगी। शराब के नष्टीकरण के लिए कलेक्टर/जिला दंडाधिकारी द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव श्री अमीय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव श्री अभिषेक तिवारी, सहायक आयुक्त आबकारी राजनांदगांव श्री यदुनंदन राठौर, सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजनांदगांव श्रीमति कुसुमलता जोहले एवं जिले के समस्थ थाना/चौकी प्रभारी शामिल थे। शराब नष्टीकरण में कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक एवं उपरोक्त सभी समिति के सदस्य, समस्थ थाना/चौकी प्रभारियों एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। उक्त कार्यवाही में मुख्य लिपिक आबकारी कार्यालय से श्री रामसिंग पाटिल, पुलिस अधीक्षक कार्यलय राजनांदगांव के रीड़र शाखा के आरक्षक टीनू थामस, कुलदीप यादव, थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक संदीप चौहान का विषेश सहयोग रहा।

## राजनांदगांव जिला 30 जून तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित

**राजनांदगांव 22 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत 20 मार्च 2025 से 30 जून 2025 अथवा मानसून के आगमन तक (दोनों में से जो बाद में आये उस तिथि तक) की अवधि के जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में 20 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक की अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेंगे, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगर पालिक निगम एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार राजनांदगांव जिले के 3 विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ भू-जल के उपयोग के विषय पर सेमी क्रिटिकल जोन में आ चुके है। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिनियम अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम पाकर खुश हुए बच्चे

**राजनांदगांव , 22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्रथम परीक्षा परिणामों की घोषणा 20 मार्च गुरुवार को पालकों एवं नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई । बच्चों ने पदक प्राप्त कर अपार खुशी का इजहार किया । पालकों ने स्कूल के प्रथम परीक्षा परिणाम के साथ ही शिक्षण व्यवस्था को गुणवत्ता पूर्ण बताया । अंबागढ़ चौकी , एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस , चिल्हाटी रोड स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्री - प्राइमरी में अध्ययनरत बच्चों के परीक्षा परिणाम 20 मार्च को घोषित किए हुए । उक्त अवसर पर नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष नन्द कुमार अग्रवाल , सचिव सुरेश एच लाल , कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी एवं विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ . आर एन सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । शाला प्राचार्य डॉ. एस के मिश्रा ने वर्षभर की शैक्षणिक गतिविधि के साथ प्रगति का लेखा - जोखा प्रस्तुत किया । सचिव सुरेश एच लाल ने पालकों को बताया कि स्कूल स्थापना का एक मात्र उद्देश्य आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा सुविधा का विस्तार करना ही है । डॉ .आर एन सिंह ने आने वाले समय में




जुटाई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में पालकों को बताया । परीक्षा परिणामों में कक्षा नर्सरी में प्रथम कु . मन्नत वासनिक , द्वितीय अंकुश माहेश्वरी , तृतीय खुश्मिता पॉल रहीं । इसी तरह के जी वन में प्रथम कु .मुग्धा पैकरा रहीं । के जी टू में प्रथम देवव्रत पॉल, द्वितीय अयान माहेश्वरी तथा तृतीय कु . श्रेया राव रहीं । सभी बच्चों को गोल्ड मेडल , सिल्वर मेडल एवं ब्रॉन्ज मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए ।

# लूट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव,22 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 19.03.2025 के रात्रि 11:15 बजे से 11:40 बजे तक मानव मंदिर चौक में खडा था। उसी समय आशीष पाण्ड्या आया और इसे घर छोडने की बात कहकर इसके मोटर सायकल में बैठ गया और आरोपी को सागरपारा मंदिर के सामने ले गया। जहॉ पर आशीष पाण्ड्या उतरते ही अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाल कर प्रार्थी को 50,000/रूपये की मांग किया नही देने आरोपी द्वारा प्रार्थी को जान से खत्म करने धमकी देकर प्रार्थी के उपर धारदार चाकू से हमला किया। तब प्रार्थी अपनी जान बचाने के लिए आशीष पाण्ड्या के मोबाईल में 20,000/रूपये फोन पे किया, और प्रार्थी जैसे तैसे कर वहॉ अपना जान बचाकर वहॉ से भागा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 129/2025 धारा 119(2), 309(1), 309(2),309(3) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।




घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दे कर श्रीमान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भा0पु0से0) के मार्ग दर्शन,व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी के पता तलाश हेतु थाना स्तर में टीम गठित कर टीम को अलग-अलग जगहो पर आरोपी के पता तलाश हेतु रवाना गया। गठित टीम द्वारा आरोपी आशीष पाण्ड्या को महज 03 घण्टे के भीतर हिरासत में लेकर आरोपी से पूछताछ किया गया। जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी के कब्जे से लूटे हुए रकम में से 4,000/रूपये एवं घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीन न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया । आरोपी आशीष पाण्ड्या पिता उज्जवल पाण्ड्या निवासी प्रभात नगर राजनांदगांव थाना बसंतपुर का जो अपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्व थाना बसंतपुर में पूर्व से अपराध क्रमांक 464/14 धारा 294,323,506,34 भादवि0, 94/15 धारा 294,323,506,341,34 भादवि0, 86/17 धारा 34 (2) आब0एक्ट, 181/17 धारा 294,323,506,34 भादवि0, 167/20 धारा 294,323,324 506,34 भादवि0, 266/21 धारा 294,323,506,34 भादवि0, 321/21 धारा 294,323,506,34,147,384 भादवि0, 641/22 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं इस्तगाशा क्रमांक 282/14, 637/14, 307/16 धारा 107,116(3) जाफौ0, इस्तगाशा क्रमांक 131/16 धारा 151 जाफौ0, इस्तगाश क्रमांक 27/15, 17/16, 14/17, 08/25 धारा 110 जाफौ0 पंजीबद्व है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, म0प्र0आर0 मेनका साहू, प्र0आर0 राजेश परिहार ,दीपक जयसवाल ,आरक्षक राजेश्वर बंदेश्वर, रूपेन्द्र वर्मा ,आशीष मानिकपुरी, मोहसीन खान की अहम भूमिका रही।

कोई भी अभियान तब सफल होता है जब उसके नेतृत्व करने वाले को पूरा भरोसा होता है कि हम ऐसा कर सकते हैं नेतृत्व को टीम पर भरोसा होता है कि तय समय पर टीम ऐसा करके दिखा सकती है तो टीम का हौसला बुलंद रहता है कि नेतृत्व हम पर भरोसा कर रहा है,रिजल्ट के लिए पूरी छूट दे रहा है तो वह लक्ष्य को पूरा करने जी जान से जुट जाती है।टीम को नेतृत्व पर भरोसा होता है कि हम लक्ष्य को पूरा करने के लिए जो भी सुविधा, संसाधन चाहेंगे वह मिल जाएगा तो नेतृत्व की भी जिम्मेदारी होती है कि वह टीम उससे जो अपेक्षा करती है,वह भी पूरा करके दिखाए।सीएम साय के समय नक्सली सफाए का अभियान इसलिए सफल है कि नेतृत्व ने अपनी टीम को निराश नहीं किया है और टीम ने भी अपने नेता को निराश नहीं किया है। जब नेता को टीम पर पूरा भरोसा होता है और टीम को अपने नेता पर पूरा भरोसा होता है तो सुनियोजित आपरेशन में बड़ी संख्या में नक्सली घेर कर मारे जाते हैं। नक्सलियों के सफाए में लगे जवाबों ने बस्तर संभाग में गुरुवार २० मार्च को दो अलग अलग जगह ३० नक्सलियों का मार गिराया है। जवानों व नक्सलियों के बीच पहली मुठभेड़ बीजापुर दंतेवाड़ा सीमा पर और दूसरी मुठभेड़ कांकेर नारायणपुर सीमा पर हुई। जवानों को खबर मिली कि बीजापुर जिल के अंडरी व गमपुर के बीच जंगल में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद है, ६०० जवानों ने रात भर चल कर मौके पर पहुंची और रात को ही नक्सलियों की घेराबंदी कर सुबह नक्सलियों का सफाया शुरू किया।

नक्सलियों को जब तक पता चलता कि उनको जवानों ने घेर लिया है तब तक जवानों ने २६ नक्सलियों का मार गिराया।इस दौरान एक डीआरजी का जवान शहीद हुआ। जवानों की इस साल की एक और बड़ी सफलता है।इसी तरह नारायणपुर कांकेर सीमा पर हुई मुठभेड़ में जवानों चार नक्सलियों को मार गिराया।बताया गया है कि इस दौरान नक्सली नेता पापा राव व लिंगू भी थे लेकिन वह भाग निकलने में सफल रहे। भाग निकले नक्सलियों को पकड़ने के लिए अलग टीम रवाना की गई है।माना जा रहा है कि जवानों के हमले में घायल नक्सली जंगल मे छिपे है, उनकी तलाश भी की जा रही है।जवानों के हौसले बुलंद है इसलिए वह नक्सलियों को घेर कर मारने में सफल हो रहे हैं, इसकी वजह यह है कि अब नक्सलियों के कहीं भी मौजूद होने की पक्की सूचना जवानों तक पहुंच रही है। पक्की सूचना पर बड़ी संख्या में जवान भी हमेशा बस्तर में मौजूद रहते हैं। पक्की सूचना व हमेशा बड़ी संख्या में जवान अभियान के लिए मौजूद रहने पर ही नक्सलियों का सफाया आसान हो गया है।पहले न तो नक्सलियों के कहीं होने की पक्की सूचना जवानों को मिल पाती थी और न ही बड़े आपरेशन के लिए तत्काल हजार पंद्रह सौ जवान उपलब्ध रहते थे। अभियान पर निकले जवानों को बैकअप चाहिए तो और जवानों के तत्काल भेजा जा सकता है। नक्सलियों के सफाए के लिए जरूरी है कि बस्तर में जितने नक्सली हैं, हमेशा उससे ज्यादा जवान मौजूद रहें। इससे नक्सली जवानों से डरते हैं सीधा मनोविज्ञान है कि जो संख्या में ज्यादा होता है, वह हमला करता है और जो संख्या में कम होता है वह जान बचाने की फिक्र करता है।

## संपादकीय

अमितशाह ने जब तय किया कि नक्सलियों का सफाया ३१मार्च २०२६ तक करना है तो उन्होंने यूं ही नहीं कह दिया था इसके लिए जो भी जरूरी तैयारी थी,वह सब की गई। जवानों की संख्या बढ़ाई गई, पूरे बस्तर में नए नए कैंप खोले गए। कहीं भी पहुंचने के लिए सड़के बनाई

### हौसले बुलंद हो तो ऐसा हो पाता है...

गईं।यह तैयारी तो पहले की सरकारें भी कर सकती थी,पहले के गृहमंत्री भी कर सकते थे लेकिन उनमें और अमित शाह में एक बड़ा फर्क यह है कि पहले सरकारें व गृहमंत्री सोच ही नहीं पाते थे कि नक्सलियों का सफाया बस्तर से किया जा सकता है।इसलिए जवान भी कर नहीं पाते थे, जिस काम को नेता ही संभव नहीं मानता हो उस काम को उसकी टीम कैसे कर सकती है। अमित शाह ने सोचा नक्सलियों का सफाया करना है तो उन्होंने यह भी सोचा कि सफाया कैसे किया जा सकता है। सीधा सा उपाय था कि बस्तर में जवानों की संख्या नक्सलियों से ज्यादा होगी तो नक्सली जवानों से डरेंगे और जवान उनको आसानी से मार सकेंगे।पहले अक्सर होता यह था कि नक्सली संख्या में ज्यादा होते थे, वह योजना बनाकर हमला करते थे और जवान मारे जाते थे।

इससे जवानों में मारे जाने का डर होता था।अमित शाह ने जवानों की संख्या नक्सलियों से ज्यादा कर जवानों के डर को खत्म कर दिया है। अब मारे जाने का डर नक्सलियों में है।बस्तर में ऐसी कोई जगह नहीं है आज जहां जवान जाकर हमला नहीं कर सकते।पहले कई ऐसी जगहें थी जहां जवानों को भेजा नहीं जाता था कि नक्सली उनको घेर कर मार देंगे। अमित शाह की बडी. सफलता यह है कि आज जवान नक्सलियों से नहीं डरते हैं, आज नक्सली जवानों से डरते हैं। यही वजह है कि इस साल मात्र ८० दिन में जवानों ने ९३ नक्सली मार गिराए हैं।४ जनवरी को मुठभेड़ में ५ नक्सली मारे गए थे और एक जवान शहीद हुआ था।९ जनवरी को सुकमा बीजापुर सीमा पर ३नक्सली मारे गए थे,१२ जनवरी को मद्देड़ इलाके में ५ नक्सली मारे गए थे,१६ जनवरी को पुजारी कांकेर में १८ नक्सली मारे गए थे,२०-२१ जनवरी को ओडिशा सीमा पर २७ नक्सली मारे गए थे। २ फरवरी को गंगालूर में ८ नक्सली मारे गए थे,९ फरवरी को मद्देड़ फरसेगढ़ सीमा पर ३१ नक्सली मारे गए थे।इन आंकड़ों को देखा जाए तो पता चलता है कि हमारे जवानों के हौसले कितने बुलंद हैं, वह जनवरी व फरवरी में तो हर तीन से पांच दिन में नक्सलियों को घेर कर मारने में सफल रहे हैं।हर सप्ताह जवानों ने नक्सलियों पर हमला किया है और उनको मारा है। इस दौरान दो ही जवान शहीद हुए है।इस तरह देखा जाए तो जवानों ने कम से कम नुकसान उठाकर नक्सलियों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। जवानों का नक्सलियों पर इतना खौफ है कि वह पहले की तरह योजना बनाकर कोई हमला नहीं कर पा रहे हैं वह इन दिनों अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे हैं और बचा नहीं पा रहे हैं क्योंकि छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों में भी भाजपा की सरकार



होने के तीनों राज्यों के बीच नक्सलियों के सफाए के लिए सहमति बनी हुई है और वह एक दूसरे को नक्सलियों की सूचना देकर नक्सलियों के सफाए में मदद भी कर रहे हैं। यही वजह है कि नक्सलियों के लिए बस्तर सहित आसपास के राज्यों में भी कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। नक्सली जिस इलाके को सुरक्षित समझते है, वहां जवानों ने उन को घेर कर मार कर बता दिया है कि बस्तर में अब कोई ऐसी कोई जगह नहीं है जहां वह पहुंच कर नक्सलियों का मार नहीं सकते।

भगवान ऋषभदेव जयंती 22 मार्च

# ऋषभ हैं सभ्यता और संस्कृति के पुरोधा पुरुष

ललित गर्ग–



जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ यानी भगवान ऋषभदेव विश्व संस्कृति के आदि पुरुष, आदि संस्कृति निमार्ता थे। वे प्रथम सम्राट और प्रथम धर्मतीर्थ के आद्य प्रणेता थे। उनकी निर्मल जीवनगाथा हजारों वर्षों से जनजीवन को प्रेरणा प्रदान करती रही है। जैन, बौद्ध और वैदिक परम्परा में ही नहीं, विश्व की अन्य संस्कृतियों में भी उनकी यशोगाथा गायी गई है। भगवान ऋषभदेव ने भारतीय संस्कृति में असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प रूपी जीवनशैली दी, आज हमारा जीवन उसी पर आधारित है। इन छह कर्मों के द्वारा उन्होंने जहां समाज को विकास का मार्ग सुझाया, वहीं अहिंसा, संयम और तप के उपदेश द्वारा समाज की आंतरिक चेतना को जगाया। उनकी जन्म जयन्ती कोरा आयोजनात्मक माध्यम न होकर एक प्रयोजनात्मक उपक्रम है, जिसमें हम भारतीय संस्कृति को दिये उनके योगदान को स्मरण करते हुए अपने जीवन को आदर्श बना सकते हैं। भगवान ऋषभदेव वर्तमान अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर हैं। तीर्थंकर का अर्थ होता है-जो तीर्थ की रचना करें। जो संसार सागर यानी जन्म मरण के चक्र से मुक्ति दिलाकर मोक्ष प्रदत्त करें। ऋषभदेव को आदिनाथ भी कहा जाता है। वे भगवान विष्णु के अवतार थे। जन-जन की आस्था के केन्द्र तीर्थंकर प्रभु ऋषभदेव का जन्म चैत्र कृष्ण नवमी को अयोध्या में हुआ। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। वे जानते थे कि नहीं जानना बुरा नहीं मगर गलत जानना, गलत आचरण करना बुरा है। इसलिए उन्होंने सही और गलत को देखने, समझने, परखने की विवेकी आंख दी जिसे सम्यक दृष्टि कहा जा सकता है। यह वह समय था जब भोगभूमि का काल पूर्ण होकर कर्मभूमि का काल प्रारंभ हो गया था। भोगभूमि में दस कल्पवृक्ष होते थे जो मनुष्य की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करते थे। मनुष्य को कोई काम नहीं करना पड़ता था। धीरे-धीरे काल के प्रभाव से यह कल्पवृक्ष लुप्त होते गए और मनुष्य के सामने भूख प्यास, गर्मी सर्दी और बीमारियों की समस्याएं आने लगी। प्रजा अपने राजा नाभिराय के पास गई और उपाय पूछा तो राजा ने प्रजा को युवराज ऋषभ के पास भेज दिया। युवराज ऋषभ ने संसारी रहते हुए प्रजाजनों को शस्त्र, लेखनी, विद्या, व्यापार, खेती एवं शिल्प इन छह कार्यों को करना सिखलाया। उन्होंने जनता को इन छह कार्य के द्वारा आजीविका पैदा करने के उपदेश दिए। इसीलिए वे युगकर्ता, सृष्टि के पालनहार और सृष्टि के ब्रह्मा कहलाए। इस रचना के द्वारा ऋषभदेव ने प्रजा का पालन किया। इसलिए उन्हें प्रजापति भी कहा गया।

महाराज नाभि के यहां ऋषभ रूपी दिव्य बालक का जन्म हुआ। उसके चरणों में वज्र, अंकुश आदि के चिन्ह जन्म के समय ही दिखाई दिये। बालक के अनुपम सौन्दर्य को जिसने भी देखा वह मोहित हो गया। बालक के जन्म के साथ महाराज नाभि के राज्य में सम्पूर्ण ऐश्वर्य, सुख-शांति एवं वैभवता परिव्याप्त हो गयी। नाभि के राज्य में अतुल ऐश्वर्य को देखकर इन्द्र को ईर्ष्या हुई। उन्होंने इनके राज्य में वर्षा बंद कर दी। भगवान ऋषभदेव ने अपनी योगमाया के प्रभाव से इन्द्र के प्रयत्न को निष्फल कर दिया। इन्द्र ने अपनी भूल के लिए क्षमा



माँगी। ऋषभ के सौ पुत्र हुए। उनमें सबसे बड़े पुत्र का नाम भरत था। उसी के नाम पर हमारे देश का नाम भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ। ऋषभ ने पुत्रों को मोक्षधर्म का अति सुंदर उपदेश दिया। तदनन्तर ऋषभ अपने बड़े पुत्र भरत को राज्यभार सौंपकर दिगम्बर वेष में वन को चले गये।

ऋषभ जब शासक बने, अनूठा थी उनकी शासन-व्यवस्था। क्योंकि उनके लिये सत्ता से ऊंचा समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। उन्होंने कानून कायदे बनाए। सुरक्षा की व्यवस्था की। संविधान निर्मित किए। नियमों का अतिक्रमण करने वालों के लिए दण्ड संहिता भी तैयार की। सचमुच वह भी कैसा युग था। न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। बाद में जब कभी बदलते परिवेश, पर्यावरण, परिस्थिति और वैयक्तिक विकास के कारण व्यवस्था में रुकावट आई, कहीं कुछ गलत हुआ, मनुष्य का मन बदला तो उस गलत कर्म के लिए इतना कह देना ही बड़ा दण्ड माना जाता कि हाय! तूने यह क्या किया? ऐसा आगे मत करना, धिक्कार है तूने ऐसा किया। ये हाकार, माकार और धिक्कार नीतियां अपराधों का नियमन करती रहीं। आज की तरह उस समय ऐसा नहीं था कि अपराधों के सच्चे गवाह और सच्चे सबूत मिल जाने के बाद भी अदालत उसे कटघरे में खड़ा कर अपराधी सिद्ध न कर सके। निर्दोष व्यक्ति न्याय पाने के लिए दर-दर भटके और अपराधी धड़ल्ले से शान-शौकत के साथ ऐशो आराम करे। सत्ता के नाम पर युद्ध तो सदियों में होते रहे हैं मगर ऋषभ के राज वैभव छोड़कर संन्यस्त बन जाने के बाद सिंहासन के लिए भाई-भाई भरत बाहुबली में जो संघर्ष हुआ वह ऐतिहासिक प्रसंग भी आज के संदर्भ में एक सीख है। आज भी सत्ता और स्वार्थ का संघर्ष चलता है। सब लड़ते हैं पर देश के हित में कम, अपने हित में ज्यादा। लेकिन न तो आज ऋषभ के 98 पुत्रों की तरह समस्या के समाधान पाने की जिज्ञासा है कि हम किसको मुख्य मानकर उनसे अंतिम समाधान मांगे और न ही कोई ऐसा ऋषभ है जो अंतहीन समस्याओं के बीच सबको सामयिक संबोध दे। राज्य प्राप्ति के प्रश्न पर जब भरत बाहुबली के बीच अहं और आकांक्षा आ खड़ी हुई तो ऋषभ ने शस्त्र युद्ध को नकारा और आत्मयुद्ध की प्रेरणा दी, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है।

भगवान ऋषभदेव को सभ्यता और संस्कृति की विकास यात्रा का प्रणेता माना जाता है, उनका अवतरण आदिम युग का परिष्कारक बना। वे पुरुषार्थ चतुष्टयी के पुरोधा थे। अर्थ और काम संसार की अनिवार्यता है तो धर्म और मोक्ष जीवन के चरम लक्ष्य तक पहुंचाने वाले सही रास्ते। उन्होंने प्रयोगधर्मा ऋषि बनकर जगत की भूमिका पर जीवन के बिखराव की व्यवस्था दी तो अध्यात्म के परिप्रेक्ष्य में धर्म की जीवंतता प्रस्तुत की। समाज व्यवस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। ऋषभ की दण्डनीति और न्यायनीति आज प्रेरणा है उस संवेदनशून्य व्यक्ति के लिए जो अपराधीकरण एवं हिंसक प्रवृत्तियों की चरम सीमा पर खड़ा है। व्यक्तित्व बदलाव का प्रशिक्षण ऋषभ की बुनियादी शिक्षा थी। ऋषभ ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं जबकि उन सबके अभाव में संत चेतना के पास अच्छाइयां और आदर्श चले आते हैं, क्योंकि उसके पास धर्म की ताकत, चरित्र की तेजस्विता है। ऋषभ ने संसार और संन्यास दोनों की जीया। ये पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने कर्मबंध और कर्ममुक्ति का राज प्रकट किया। वे संन्यस्त होकर वर्ष भर भूखे-प्यासे घूमते रहे। प्रतिदिन शुद्ध आहार की गवेषणा करते रहे। यह जानते हुए भी कि भूख और प्यास मेरी कर्मजनित नियति है। यह पुरुषार्थ उनकी सहिष्णुता, समता, संयम और संकल्प की पराकाष्ठा का सबूत था। वर्ष भर के तप की पूणार्हुति जब राजकुमार श्रेयांस द्वारा दिए गए इक्षु रस के सुपात्र दान से हुई तो वह दिन, वह दान, वह दाता, वह तप अक्षय बन गया। भावशुद्धि की प्रकर्षता का वह क्षण सबके लिए प्रेरणा बन गया और उसे अक्षय तृतीया पर्व के रूप में जैन धर्म के अनुयायी एक वर्ष की तपस्या करके मनाते है।

## राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों की भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप धन उधार लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। कार्यक्षेत्र में आपको मनपसंद काम मिल सकता है। आज किसी बात को लेकर कोई वाद-विवाद खड़ा होने की संभावना है। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई बटवारा हो सकता है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपके कुछ नए साथी बनेंगे। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। आप अपनी जिम्मेदारी को लेकर घबराएंगे नहीं। जीवनसाथी के लिए आप कोई मनपसंद गिफ्ट भी लेकर आ सकते हैं। आप किसी की कही सुनी बातों में आकर वाद-विवाद में न पड़े।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खोलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी। आपके खर्च भी बेतहाशा बढ़ सकते हैं। आप अपने घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट प्लान ले सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने सामान की सुरक्षा अवश्य करें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी। माताजी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकती हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं फिर से सिर उठाएंगे। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको किसी पैतृक संपत्ति से अच्छा लाभ मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने भाई से प्रॉपर्टी को लेकर कोई वाद विवाद में नहीं पढ़ना है। आपको कोई नए वाहन का सुख मिल सकता है। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे, जो बिजनेस को आगे तक लेकर जाएंगे। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल न दिखाएं। शिक्षा में आज आप अच्छा नाम काम आएंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको कोई नई उपलब्धि हासिल हो सकती है । सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी अच्छी पहल रहेगी। ऑफिस में भी आपको प्रमोशन आदि मिल सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है। ऑफिस में आपके सहयोगी आपके कामों को पूरा करने में सहयोग देंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर नहीं जाने देना है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील बिल्कुल न दे, नहीं तो समस्याएं बढ़ेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। आपने यदि कोई लोन लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिलेगा। पिताजी से आप यदि कोई वादा करें, तो आपको उसे समय रहते पूरा करना होगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं को ठेस नहीं पहचानी है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। किसी की मदद के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपकी किसी बात का बुरा मान सकता है, इसलिए आपको सोच समझ कर बोलना बेहतर होगा। आपको कहीं घूमने फिरने थोड़ा सोच समझ कर जाना होगा, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढ़ना होगा। आपको अच्छी तरक्की करते देख आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं। रुके हुए धन की प्राप्ति काफी हद तक हो सकेगी। आप अपने घर की शौक मौज की चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले। संतान को नौकरी में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपके दान धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी। आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। आपको यदि कोई सेहत संबंधित समस्या चल रही थी, तो उससे भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। व्यापार में आज कोई बड़ा बदलाव आ सकता है, जो आपके फेवर में रहेगा।

व्यंग्य

## सरकारी दफ्तर का गजब सफर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



सुबह की पहली किरण और सरकारी दफ्तर का दरवाजा झ दोनों ही देर से खुलते हैं। अंतर बस इतना है कि सूरज बिना चाय के भी उग जाता है, लेकिन सरकारी बाबू की आंख तब तक नहीं खुलती जब तक चाय के साथ अखबार में अपना राशिफल न पढ़ ले। जब साहब लोग आते हैं तो ऑफिस का माहौल ऐसा होता है जैसे बारात में दूल्हे का इंतजार हो। स्टाफ के चेहरे पर वह उत्सुकता होती है, जो सरकारी लोन पास होने के बाद आदमी के चेहरे पर दिखती है। सरकारी दफ्तरों में घुसने का अपना एक अलग ही रोमांच है। जैसे ही आप अंदर कदम रखते हैं, लगता है जैसे समय की रफ़्तार अचानक सुस्त हो गई हो। एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक भागते-भागते आदमी को समझ आता है कि ओलंपिक में मैराथन दौड़ने की जरूरत नहीं, सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट लो, स्टैमिना अपने आप बन जाएगा। यहां फाइलें ऐसे घूमती हैं जैसे हॉरर फिल्मों में आत्मा झ एक कमरे से दूसरे कमरे तक भटकती रहती हैं, पर मंज़िल किसी को नहीं मिलती। हर सरकारी दफ्तर में एक सदाबहार बाबू जरूर होता है, जो पिछले पचास सालों से वहीं बैठा है। उसकी कुर्सी पर गद्दी की मोटाई बढ़ती जाती है, और फाइलों की ऊंचाई भी। वह अपनी मेज से ऐसे चिपका रहता है जैसे उसकी जड़ों को सीमेंट से जोड़ दिया गया हो। वह बोलेगा भी नहीं, बस देखेगा ऐसे जैसे आप उसका पेंडिंग वेतन मांगने आए हों।

**काम जल्दी हो सकता है? आप पूछते हैं**–बाबू मुस्कुराता है, जैसे आपने कोई कॉमेडी फिल्म का डायलॉग बोल दिया हो। फिर धीरे से कहता है, जल्दी और सरकारी दफ्तर? अजी, ये तो वैसा ही है जैसे बिना तेल के परांठा बनाना। फिर एक मुख्य सलाहकार टाइप का आदमी आता है, जो बताता है कि काम कैसे होगा। उसकी सलाह मुफ्त होती है, लेकिन इसके पीछे छिपा गणित बड़ा महंगा पड़ सकता है। अरे भैया, काम तो हो जाएगा, पर हाथ खाली नहीं होना चाहिए! वह अपनी मूछों पर ताव देते हुए कहता है। और फिर शुरू होता है कागजों का खेल झ एक सर्टिफिकेट के लिए दस सिफारिशें और बीस हस्ताक्षर चाहिए। सरकारी दफ्तर की सबसे मनोरंजक चीज है उसका लंच ब्रेक। ठीक एक बजे बाबू ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे हिंदी फिल्मों में पुलिस ऐन टाइम पर पहुंचती है झ जब खलनायक भाग चुका होता है। फिर दो घंटे बाद धीरे-धीरे सब लौटते हैं, हाथ में ताजा ताजा पान, चेहरे पर नई ऊर्जा, और काम करने की वही पुरानी सुस्ती। कभी-कभी कुछ लोग सोचते हैं कि रिश्वत देने से काम जल्दी हो जाएगा। पर सरकारी दफ्तरों में रिश्वत भी एक संस्कार है झ सीधे नहीं ली जाती। पहले चाय, फिर मिठाई, फिर किसी बड़े साहब का संदेश और अंत में प्रशंसा भेंट। और अगर आप यह सब ना करें, तो आपकी फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, जो दरअसल दफ्तर के सबसे ऊपरी रैक पर रखी जाती है झ जहां कोई हाथ भी नहीं पहुंचता। आखिरकार जब काम हो जाता है, तो आदमी के चेहरे पर वो खुशी होती है, जो सास-बहू सीरियल में बहू को पहली बार जेवर मिलने पर दिखती है। बाहर निकलते ही ठंडी हवा लगती है और लगता है जैसे जेल से रिहाई मिल गई हो। आदमी सोचता है, बस, अब दोबारा इस दफ्तर में नहीं आऊंगा। लेकिन कुछ महीनों बाद फिर वही दस्तावेज, वही काउंटर, और वही बाबू झ जिनकी मुस्कान देख लगता है कि सरकारी दफ्तरों में लोग नहीं, किस्मतें अटकी रहती हैं।

## गूगल प्ले स्टोर से हटाए गए 180 से ज्यादा एप्स, जानिए क्यों?

अगर आप भी गूगल प्ले स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। गूगल ने हाल ही में 180 से अधिक ऐप्स को हटा दिया है। यह कार्रवाई एक बड़े फ्रॉड के खुलासे के बाद की गई, जिसमें धोखेबाजों ने नकली ऐप्स बनाकर करोड़ों यूजर्स को प्रभावित किया। इस फ्रॉड के कारण 5 करोड़ 60 लाख से ज्यादा डाउनलोड प्रभावित हुए। गूगल को पता चला कि कुछ ऐप्स ऐड फ्रॉड स्कीम चला रहे थे। यह स्कीम वायरस की तरह नहीं होती, बल्कि इनका उद्देश्य विज्ञापन देने वाली कंपनियों को धोखा देना होता है। ये ऐप्स नकली तरीके से दिखाते हैं कि उनके विज्ञापन बड़े पैमाने पर देखे जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं होता।

**यूजर्स का अनुभव भी हुआ खराब**-इन ऐप्स को डाउनलोड करने वाले यूजर्स को अत्यधिक विज्ञापन दिखाए जाते थे, जिससे वे परेशान हो जाते थे और ऐप को अनइंस्टॉल करने का विकल्प खोजने लगते थे। यह न केवल यूजर्स बल्कि गूगल प्ले स्टोर की विश्वसनीयता के लिए भी नुकसानदायक था।

**धोखेबाजों की चालाकी**-धोखेबाजों ने ऐसे ऐप्स बनाए जो असली दिखते थे और लोकप्रिय कैटेगरी में सूचीबद्ध थे। इनमें कुछ ऐप्स तो ऐसे थे जिनका कोई आइकन या ओपन बटन भी नहीं था, जिससे यूजर्स के लिए उन्हें पहचानना और हटाना मुश्किल हो गया।

**विज्ञापन कंपनियों और डेवलपर्स को नुकसान**-इस फ्रॉड से विज्ञापन देने वाली कंपनियों के पैसे बर्बाद हुए, क्योंकि उनके विज्ञापन असली यूजर्स तक नहीं पहुंच रहे थे। साथ ही, असली ऐप डेवलपर्स की कमाई भी प्रभावित हुई, क्योंकि नकली ऐप्स ने उनकी आय में सेंध लगा दी।

**गूगल ने क्अर के साथ मिलकर उठाया कदम**-गूगल ने इंटीग्रल ऐड साइंस (क्अर) के साथ मिलकर इस घोटाले का पदार्फाश किया। क्अर की रिपोर्ट के आधार पर गूगल ने न केवल इन ऐप्स को हटाया, बल्कि गूगल प्ले प्रोटेक्ट को भी मजबूत किया, ताकि यूजर्स को ऐसे खतरनाक ऐप्स के बारे में चेतावनी दी जा सके।

**खुद को कैसे सुरक्षित रखें?**

गूगल ने इन ऐप्स को हटा दिया है, लेकिन भविष्य में ऐसे फ्रॉड से बचने के लिए आपको भी सावधानी बरतनी होगीः

ऐप डाउनलोड करने से पहले जांच करें झ ऐप के डेवलपर का नाम और रिव्यू जरूर देखें।

विश्लेषण

# नैतिक सिद्धांतों पर भारी भौतिकवाद

संजीव ठाकुर

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं' यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि पहाड़, झरना, नदिया,जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए उपहार के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भव सागर में कूद पड़ता है।

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है' प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है' भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है' व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है' समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निमार्ता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

एक नजर

## साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च को

**दंतेवाड़ा, 22 मार्च ।** कार्यालय जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान नई दिल्ले के पहल पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन 23 मार्च 2025, दिन रविवार को किया जायेगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री मयंक चतुर्वेदी ने निरक्षरों से अपील की है। कि वे अपने पास के परीक्षा केन्द्रों मे जाकर परीक्षा मे सम्मिलित हो और साक्षर बने। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा द्वारा जानकारी दी गई कि परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जिले से 8362 निरक्षरों को परीक्षा में बैठाने का लक्ष्य रखा गया है। इन निरक्षरों के परीक्षा में बैठने के लिए जिले मे 468 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। प्राथमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा हेतु इन परीक्षा केन्द्रों में केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। महापरीक्षा अभियान के पूर्व परीक्षार्थियों को शिक्षार्थी पर्ची घर-घर जाकर वितरण किया जाएगा। इस पर्ची में केन्द्र का नाम, परीक्षा का समय होगा। वातावरण निर्माण के लिए दीवार लेखन कराया जा रहा है। साथ ही राज्य कार्यालय से प्राप्त पंजीयन प्रपत्र भी भराया जा रहा है जिसमे निरक्षरों की जानकारी भरी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, दंतेवाड़ा श्री एस. के. अम्बस्ता ने बताया कि महापरीक्षा अभियान हेतु जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु अधिकारीयों को दायित्व सौंपा गया है। 23 मार्च 2025 राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम के कर्मचारी परीक्षा केन्द्रों से समय-समय पर जानकारी लेकर राज्य कार्यालय को प्रेषित करेंगे।

## राष्ट्रीय विचार गोष्ठी




**किरन्दुल, 22 मार्च।** सर्वभारतीय हिन्दू बंगाली संगठन का प्रथम छत्तीसगढ़ प्रदेश सम्मेलन एवं प्रदेश, जिला,तहसील,ब्लॉक पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं राष्ट्रीय विचार गोष्ठी राष्ट्रीय संगठन के संस्थापक और अध्यक्ष श्रीमान कृष्णा पद हालदार दिल्ली के उपस्थिति और मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष क्योशी डॉ प्रवाल मण्डल और सर्वभारतीय हिन्दू बंगाली संगठन के सम्मानीय सदस्यो द्वारा आयोजित दिनांक 23मार्च 2025 रविवार स्थान मंगल भवन NMDC किरंदुल COMPLEX समय सायं 5 बजे से.. विशेष बन्दना भट्टाचार्य (मिठू ) एंड टीम का ओर्केस्ट्रा रंगारंग आयोजन... सभी बांग्ला भाषी हिन्दू बंगाली भाई बहनों से निवेदन की सा परिवार उपस्थित होकर समाज की एकता और मजबूती को सफल बनाये क्योंकि एकता मे ही शक्ति है एक रहेंगे नेक रहेंगे एक रहेंगे सेफ रहेंगे ।निवेदक प्रवाल मण्डल एवं सभी परम सम्मानित सदस्य साथी सर्वभारतीय हिन्दू बंगाली संगठन छत्तीसगढ़ भारत ।

## जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जगदलपुर 22 मार्च ।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार बस्तर जिले में दो दिवसीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला का आयोजन 20 और 21 मार्च को किया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला कलेक्टर श्री हरीस एस और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन के निर्देशन में किया गया। इस जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम बघेल और जिला मिशन समन्वयक श्री अखिलेश मिश्रा के द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों, खण्ड स्रोत समन्वयक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला स्तरीय युवा एवं इको क्लब कार्यशाला के पहले दिन प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत प्लास्टिक की उत्पत्ति, इसके विभिन्न प्रकारों, उपयोग और समाज व मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, विद्यालय स्तर से लेकर जिला स्तर तक प्लास्टिक प्रबंधन एवं जमीन मेला आयोजन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वहीं दूसरे दिन किचन गार्डन के अंतर्गत पोषण वाटिका निर्माण, मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के उपाय, जीवामृत, बीजामृत और सीड बॉल निर्माण की जानकारी दी गई। इस दौरान इको क्लब के माध्यम से बच्चों की कार्यक्षमता और नेतृत्व कौशल को विकसित करने की संभावनाओं पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मिशन समन्वयक ने कहा कि इको क्लब विद्यालयों में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करता है, प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग और संरक्षण के तरीके बच्चों को सिखाकर भविष्य के लिए एक बेहतर समाज तैयार किया जा सकता है। इस कार्यशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर गौरैया की घटती संख्या, विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई। बस्तर जिले के सातों विकासखंडों से आए शिक्षकों ने इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स श्री मनीष कुमार अहीर और श्री जितेश देशमुख ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन से जिले के शिक्षकों और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणा और नई दिशा मिली। इस कार्यक्रम में खंड स्रोत समन्वयक श्री गरुड़ मिश्रा, श्री फिरोज खान, श्री त्रिभुवन साहू आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से आयुष्मान वय वंदना कार्ड पर बस्तर सांसद कश्यप के सवाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 22 मार्च।** लोकसभा में सत्र के दौरान बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने स्वास्थ्य मामले पर प्रश्न किया है।

बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा से आयुष्मान वय वंदना कार्ड के मामले में तारांकित प्रश्न कर उनसे इस विषय पर जवाव मांगा है।बस्तर सांसद के प्रश्न का जवाब केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिया है।आयुष्मान वय बंदना कार्डक्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः(क) क्या सरकार की भविष्य में अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा लाभ या सेवाओं को शामिल करने के लिए आयुष्मानभारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के दायरे का विस्तार करने की कोई योजना है;(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड का लाभ गुजरात के

बलसाड, डांग और नवमारी संसदीय न्विचन क्षेत्रों के ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों की आबादी के सबसे कमजोरवर्गों तक पहुंच सके?उत्तरः-स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड़ा)(क) से (ग)ः विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।दिनांक 21.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 318 के उत्तर में संदर्भित विवरणआयुष्मान भारत - प्रधान्मंत्री जन



रोग्य योजना (एबी गीएमजेएवाई) सरकार की एक अग्णी योजना है।जो 12.37 करोड परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम स्तरीय और विशिष्ट परिचर्या के लिएअस्पताल में भर्ती करने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्थ्य कवर प्रदान करती है, जो भारत कीआवादी का आर्थिक रूप से कमजोर निभ्रतम तबके का 40त्र है। हाल ही में, आयुष्मान वय वंदना कार्ड केमाध्यम से 4.5 करोड परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उसमे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों, चाहेउनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, को शामिल करने के लिए इस योजना का विस्तार किया गया है।एबी-पीएमजेएवाई के तहत, इस योजना के शुभारंभ के बाद से, स्वास्थ्य लाभ पैकेजों को पाँच बार संशोधितकिया गया है। प्रारंभ में, इस योजना में 1,359 पैकेज शामिल थे, लेकित अब स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचवीपी)2022 में 27 मेडिकल स्पेशलिटी में 1.961 पैकेज शामिल हैं। कुल 365 नई उपचार प्रक्रियाएं जोड़ी गई हैं और 832 पैकेजों की दरों में बढ़ोतरी की गई है। पहले से ही शामिल किए गए किडनी प्रत्यारोपण के अलावा अस्थिमज्जा प्रत्यारोपण और कर्ण प्रत्यारोपण सर्जरी जैसी अत्याधुनिक प्रक्रियाएं शुरू की गई हैं।इसके अलावा, राज्यों को स्थानीय संदर्भ में स्वास्थ्य लाभ पैकेजों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए स्वययतादी गई है।विशेष रूप से ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रो में एबी-पीएमजेएवाई के बारे में जागरूकता फैलाने के निए एक व्यापक मीडिया और आउटरीच कार्यनीति है। इसमें समाचार पत्रों, सामुदायिक रेडियो, नुक्कड़ नाटकों, डिजिटलडिस्पले, रेडियो अभियानों, जन संदेश और दूरदर्शन आदि के माध्यम से लाभार्थी विवरण के प्रसारण सहितपारंपरिक मीडिया प्लेटफामों पर विज्ञापन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों ने अग्रणीकार्यकर्ताओं अथर्थात् आशाकर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकिर्ताओं और वीएलई (ग्राम स्तरीय उद्यमियों) के व्यापक नेटवर्कको भी शामिल किया है जो निचले स्तर पर जन जागरूकता पैदा करने में महत्वपर्ण हैं। इसके अलावा, किसी सहायता/प्रश्नों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड लाभार्थी हेल्पनाइन नबर 1800-110-770 पर मिस्ड काल या24×7 कॉल सेंटर (14555) पर कॉल कर सकते हैं।इसके अलावा, सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आय् के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई केविस्तार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक आईईसी कार्यकलापों को शुरू करने के लिए राज्यों कोनिर्देश जारी किए हैं।दिनांक 17 03.2025 तक की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत 53 लाख से अधिक आयुष्मान वय वंदना लाभार्थियों को नामांकित किया गया है, जिसमें बलसाड जिले में 19,665, डांग जिले में 612 और गुजरात के नवसारी जिले में 7,146 लाभार्थी शामिल हैं।

## लखेश्वर व भावना बोहरा उत्कृष्ट विधायक

**जगदलपुर, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सत्ता पक्ष से भावना बोहरा और विपक्ष से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया



लखेश्वर बघेल की सक्रियता-बस्तर विधायक के रूप में, लखेश्वर बघेल ने विधानसभा में बस्तर क्षेत्र के बच्चों की मौत और छात्रावासों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए

**शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान**-शिक्षक दिवस पर, उन्होंने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में 86 शिक्षकों को सम्मानित किया, जो उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है

**आदिवासी कल्याण में प्रयास**- लखेश्वर बघेल आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जैसे बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में बघेल विधानसभा में सक्रियता, सामाजिक मुद्दों पर ध्यान और क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता के कारण उन्हें विपक्ष से उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया गया

# कलेक्टर ने किया छिंदगढ़ सीएचसी का औचक निरीक्षण



**सुकमा, 22 मार्च।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ के औचक निरीक्षण पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला एवं पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों से हॉस्पिटल में मिलने वाले भोजन और दवा के संबंध में पूछताछ की। इसके पश्चात कलेक्टर ने हॉस्पिटल परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में बिजली-पानी की समस्या को दूर करने और बाथरूम में नियमित साफ़ सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने एक्स रे मशीन और लीवर फंक्शन टेस्ट मशीन में सुधार के लिए निर्देश दिए। उन्होंने डिलीवरी के लिए आवश्यक दवाओं और मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वैक्सीन रूम, बीएमओ कार्यालय भवन में आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पैथोलॉजी लैब भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री ध्रुव ने बीएमओ डॉ. सिद्धार्थ नारंग से कहा कि सामान्य मौसमी बीमारियों और मलेरिया, टीबी के संबंध में लोगों को जागरूक करना और इससे रोकथाम और बचाव के संबंध में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। इसके साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड के फायदे के बारे में बताना भी जरूरी है। आयुष्मान कार्ड का उपयोग करने से मरीजों को इलाज में बहुत सहूलियत होगी।

## समूह की महिलायें मुर्गियां पालकर करेंगी आय अर्जित

**धमतरी 22 मार्च ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद में संचालित आधुनिक पोल्ट्री फार्म का अवलोकन किया। उन्होंने फार्म के संचालक श्री अनूप देवांगन से फार्म संबंधी विस्तृत जानकारी ली। श्री देवांगन ने बताया कि फार्म में 2 हजार मुर्गियां है, जिनसे वे अंडा उत्पादन करते है। श्री देवांगन ने यह भी बताया कि वह अपने फार्म में सोनाली, बटेर, कड़कनाथ और ब्लैक स्ट्रालाप के मुर्गियों के अंडों का उत्पादन करता है और उनसे निकलने वाले चूजों को बेचता है। फार्म में अंगूरा नस्ल के खरगोश का भी पालन कर रहा है। साथ ही फार्म में उसने 30 हजार क्षमता की हैचरी भी बना रखी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने फार्म को देखकर खुश हुए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इससे समूह की महिलाओं को लिंक करें, ताकि महिलायें यहां से चूजे खरीदकर उनका पालन करें ।

# कलेक्टर की पहल पर संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान



**धमतरी 22 मार्च ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की पहल पर संबलपुरी साड़ी बनेगी जिले की पहचान दिलाने के उद्देश्य से बिजनापुरी में महिलाओं द्वारा तैयार की जाने वाली संबलपुरी साड़ी निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया पूर्व में उनके द्वारा कपड़ा बनाने का सामान्य काम किया जाता था, लेकिन अब प्रशिक्षण प्राप्त कर वे महिलायें फैंसी व आकर्षक साड़ियों का निर्माण करने लगी है, जिससे अब उनकी आय में वृद्धि हो रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस काम को और बड़े पैमाने पर करने हेतु योजना बनायें। इसके लिए विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले प्रमुख बाजारों तक इनकी पहुंच बनायें। इसके साथ ही साड़ी निर्माण केन्द्र में शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों का दिये। इस दौरान कलेक्टर ने कुरूद में संचालित बांस हाथकरघा ड्राइंग यूनिट का भी निरीक्षण किया और वहां संचालित कार्यों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम नारी में संचालित माटीकला केन्द्र का भी अवलोकन किया और वहां मिट्टी से तैयार किये जाने वाले विभिन्न उत्पादों को देखा। कलेक्टर ने माटी से तैयार की गयी इन आकृतियों की प्रसन्नता करते हुए कहा कि केन्द्र में तैयार इन आकृतियों को विक्रय हेतु ऑनलाईन, बड़े बाजार तथा ऐसे स्थान जहां इनकी मांग अधिक है, वहां पहुंचायें। इस दौरान कलेक्टर ने प्रौद्योगिकी ग्राम सिरी का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में यह भवन संचालित था, किन्तु कुछ समय से बंद है। कलेक्टर ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त भवन को प्रारंभ करने हेतु आवश्यक खर्च सहित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें।

## आरटीई की तहत आवेदन 31 मार्च तक

**धमतरी 22 मार्च ।** निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को प्रवेश के लिए 31 मार्च तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की पहले चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो कि 31 मार्च 2025 तक चलेगी। जिले में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आरटीई पोर्टल https://rte.cg.nic.in के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र और आवेदन के लिए पात्रता की जानकारी भी आरटीई पोर्टल के छात्र पंजीयन उपलब्ध है। ऑनलाईन फॉर्म भरने के बाद आवेदक निजी विद्यालय के नोडल प्राचार्य के पास आवेदन फॉर्म के साथ सभी दस्तावेज जमा करना होगा।

## कलेक्टर पहुंचे कृषि महाविद्यालय, साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिये निर्देश

**धमतरी 22 मार्च ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज कुरूद विकासखंड में संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और महाविद्यालय के प्राचार्य से महाविद्यालय में छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा, छात्रों की संख्या, महाविद्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के कामों की जानकारी ली। महाविद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां बालक एवं बालिका के लिए अलग-अलग छात्रावास संचालित है। वर्तमान में छात्रों की परीक्षायें चल रही है। कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई रखने तथा लैब को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

# विभिन्न किस्मों के बीजों को संरक्षित करने कार्यशाला का आयोजन



कांकेर 22 मार्च । पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर सहित बालोद, गरियाबंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली एवं बेमेतरा जिले के कृषक एवं वैज्ञानिकगण तथा कृषि विभाग के अधिकारीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में राज्य नोडल अधिकारी पौधा किस्म और कृषक अधिकार डॉ दीपक शर्मा, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कोमरा, अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय कांकेर डॉ नितीन रस्तोगी उपस्थित थे। डॉ बीरबल साहू वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर ने कृषकों को पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण की संक्षिप्त जानकारी दी। तत्पश्चात् डॉ दीपक शर्मा ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से कृषकों को उनके देशी किस्मों के संरक्षण, उनके लाभ, महत्व एवं आवेदन की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की साथ ही छत्तीसगढ़ में अब तक किसानों के पंजीकृत पौध किस्मों तथा प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी बताए। कांकेर, बालोद, गरियाबंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली एवं बेमेतरा के कृषकों द्वारा संरक्षित विशिष्ट किस्मों के अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जियों एवं फल, पौधे की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय किस्मों के संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषक श्री शिवकुमार चंद्रवंशी जिला कबीरधाम, श्री किशोर राजपूत जिला बेमेतरा एवं श्रीमती निर्मला भास्कर जिला कांकेर को सम्मानित किया गया।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर 22 मार्च ।** जिले के भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम चिचगांव निवासी 30 वर्षीय श्री श्यामलाल कुरेटी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत मृतक की पत्नी श्रीमती जयंत्री बाई कुरेटी के लिए चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए हैं।

## धरती आबा जनजाती ग्राम उत्कर्ष अभियान की बैठक 24 मार्च को जनपद पंचायत नगरी में

**धमतरी 22 मार्च ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में धमतरी जिले के 108 गांवों का चयन किया जाना है। इस संबंध में 24 मार्च को कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा अधिकारियों की बैठक लेंगे। जनपद पंचायत सभाकक्ष नगरी में दोपहर 3 बजे से आयोजित इस बैठक में योजना के सफल क्रियान्वयन की विस्तृत चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# अंडरी के जंगलों में पुलिस-माओवादी मुठभेड़ में 14 महिला सहित कुल 26 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 22 मार्च।** माओवादी मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के आरक्षक राजूराम ओयाम, बहादुरी से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए । शहीद जवान के पार्थिव शरीर जिला मुख्यालय लाया गया, शहीद जवान को आज दिनांक 21/03/2025 नये पुलिस लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजलि दी गई ।पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि पश्चिम बस्तर डिवीजन के दरभा डिवीज़न के सशस्त्र माओवादियों के दंतेवाड़ा और बीजापुर के सरहदी क्षेत्र में उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में बीजापुर की टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का, पीड़िया, अंडरी की ओर रवाना हुई थी।

संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम तक रूक-रूक कर चलती रही ।मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 14 महिला एवं 12 पुरूष कुल 26 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव हथियार, सामग्री






सहित बरामद हुआ ।मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में 47, स्नाईपर नक्सलियों द्वारा निर्मित रॉकेट लांचर, हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ । पुलिस उप महानिरीक्षक, दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा द्वारा बताया गया कि मुठभेड़ में शहीद डीआरजी के आरक्षक राजूराम ओयाम, निवास ग्राम बोड़गा थाना भैरमगढ जिला बीजापुर की पार्थिव शरीर जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया द्य शहीद जवान को आज दिनांक 21/03/2025 के पूर्वान्ह 10.00 बजे नया लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजलि दी गई । पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है । वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 80 दिनों में कुल 97 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये द्य जिसमें जिला- बीजापुर में विगत 80 दिनों में 82 माओवादियों का शव बरामद हुआ है मुठभेड़ में मारे गये 18 माओवादियों की शिनाख्त हुई है, शेष मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है । 1.सीतो कड़ती, निवासी मुण्डेर थाना मिरतुर, पदनाम - डीव्हीसीएम पश्चिम बस्तर डिवीजन, ईनाम 08.00 लाख 2. सुकई हपका, निवासी काकेकोरमा थाना बीजापुर, पदनाम-एसीएम, ईनाम 05.00 लाख ईनाम 3.सुक्की पूनेम, निवासी पुसनार थाना गंगालूर, एसीएम, पश्चिम बस्तर डिवीजन, ईनाम 05.00 लाख 4.कांती लेकाम, निवासी पेददापाल, पदनाम- एसीएम, पश्चिम बस्तर डिवीजन, ईनाम 05.00 लाख पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, सुंदरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट कोबरा 210 श्री अशोक कुमार , अति0 पुलिस अधीक्षक एसटीएफ श्री जयंत वैष्णव एवं पुलिस व केरिपु बल के अन्य अधिकारियों द्वारा दिनांक 21/03/2025 को रक्षित केन्द्र बीजापुर में मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी क्षेत्र में पश्चिम बस्तर डिवीजन की टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का, पीड़िया, अंडरी की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सुरक्षा बलो की कार्यवाही में 14 महिला सहित 26 वर्दीधारी माओवादियों को सुरक्षा बलो ने मार गिराया । विगत दिनों में सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार माओवादी विरोधी अभियानों में वृद्धि हुई है और माओवादियों का प्रभाव इलाका में लगातार कमी आ रही है । लगातार अंदरूनी इलाके मे कैम्प खोले जा रहे है एवं विकास के साथ साथ अन्य कल्याणकारी योजनाएं अंदरूनी इलाको तक पहुंच रही है । माओवादी संगठन में भी आंतरिक कलह लगातार बढ़ रही है, जिसमें पार्टी सदस्य शक के आधार पर एक दूसरे की हत्या भी कर रहे है । अब माओवादियों के पास आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नही बचा है । हम सभी समाज के भटके हुए माओवादियों से अपील करते है कि - माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की शुरुआत करें । हिंसा का रास्ता छोड़कर छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति का लाभ लेने का समय आ गया है । छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति माओवादियों को आत्मसमर्पण करने और समाज में शांतिपूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है । अब समय आ गया है कि माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की शुरुआत करें ।

# वनों में आग:फायर ब्लोवर और फायर लाइन कटाई से किया जा रहा नियंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 22 मार्च।** रायगढ़ वनमण्डल अंतर्गत विगत दिनों में विभिन्न वन परिक्षेत्र में दावानल की घटनाएं प्रकाश में आई हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग के अमले द्वारा फायर ब्लोवर, फायर लाइन कटाई विधि और उपलब्ध संसाधनों के साथ फायर वाचर्स के सहयोग से बुझाया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी ने बताया कि वन परिक्षेत्र रायगढ़, खरसिया, घरघोड़ा एवं तमनार के अंतर्गत ग्राम बगुरसिंया, बरकछार, धनुवारडेरा, छिरवानी, जामगांव, कांटाझरिया, बरगढ़, बोतल्दा, रानीसागर, गुरदा, चारमार, अमलीडीह, चिमटापानी, डेहरीडीह, जरकट, पुसल्दा, छिरवानी, हमीरपुर, जांजगीर, हिन्झर, झिंगोल में दावानल की घटनाएं प्रकाश में आई है। जिस पर कार्रवाई करते हुए वन अमले द्वारा उपलब्ध संसाधनों एवं फायर वाचर के सहयोग से बुझाया गया है। उन्होंने बताया कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के द्वारा सेटेलाईट से वन क्षेत्र में आग लगने की मॉनिटरिंग की जाती है। वन क्षेत्र में आग लगने की घटना की सूचना वन कर्मचारियों रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्त होती। इसमें वन क्षेत्र के बीट और कंपार्टमेंट स्तर तक की जानकारी और वहां तैनात कर्मचारियों को मिलती है। जिस पर उस क्षेत्र में आग बुझाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाती है।

वन एक राष्ट्रीय संपदा है, वन क्षेत्रों से गुजरने वाले राहगीरों से भी अपील की जाती है कि यदि वनों में किसी प्रकार की आग लगने की घटना दिखाई देती है तो जलती हुई आग के सामने पड़ी हुई सुखी पत्तियों की एक सीधी लाईन में हटा देवें ताकि आग जंगल की ओर न फैल सके। वनों में आग न लगे इसके लिए वन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रयासरत् है।

रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ अंतर्गत प्रतिवर्ष 15 फरवरी से 15 जून तक अग्नि सीजन प्रभावशील रहता हैं। इसकी तैयारी पूर्व से ही विभाग द्वारा जाती है। जिसमें वन एवं वनों की सुरक्षा के लिए ग्राम स्तर पर वन प्रबंधन समिति सदस्यों की बैठक लेकर उनसे चर्चा की जाती है तथा वनों में लगने वाली अग्नि के संबंध में अवगत कराया जाता है। जहाँ भी आग लगने की घटना घटित होती है, उसे वन प्रबंधन समिति एवं वन अमलों की सहयोग से बुझाया जाता है। वर्तमान में महुआ का सीजन भी प्रारंभ हो चुका है और महुआ पेड़ के नीचे गिरे सुखे पत्तों को जलाने की लोगों की प्रवृत्ति होती है। जिससे वनों में आग फैल जाती है लोगों से वन विभाग आग्रह करता है कि महुआ पेड़ के नीचे गिरे हुए सुखे पत्तों को झाडू के माध्यम से पेड़ किनारे एकत्रित करे और आग न लगावें और यदि आसपास आग लगी हुई है तो उसकी सूचना वन विभाग के टोल फ्री नम्बर पर 18002332631 तत्काल दें जिससे उसे आगे फैलने से रोका जा सके।

## एक नजर

### आयुष्मान वय वंदना कार्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान साबित होगा

**महासमुंद,22 मार्च।** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष सुविधा शुरू की गई है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को व्यक्तिगत रूप से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा उनके पारिवारिक आयुष्मान कार्ड से अलग होगी, जिससे वे स्वतंत्र रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिले में 62, 137 पात्र हितग्राहियों का वय वंदना कार्ड बनाया जाना है, जिनमें से अब तक 7, 834 हितग्राहियों (12.6 प्रतिशत) का कार्ड बन चुका है।इस योजना के तहत बीपीएल परिवारों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इसी प्रकार से एपीएल परिवारों को 50 हजार रुपए तक का इलाज मुफ्त उपलब्ध होता है। यदि परिवार में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक हैं, तो वे अपना वय वंदना कार्ड बनवाकर अतिरिक्त 5 लाख रुपये तक की अलग से स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड÷ बनाने के लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। यह कार्ड सरकारी अस्पतालों और च्वाईस सेंटरों में मुफ्त में बनाया जाएगा। यदि पहले से आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, तो ई-केवाईसी अनिवार्य होगी। वय वंदना कार्ड को मोबाइल ऐप या पोर्टल के माध्यम से आधार लिंक मोबाइल ओटीपी, बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट, या फेस ऑथेंटिकेशन द्वारा बनाया जा सकता है।जिले में शत प्रतिशत हितग्राहियों को लाभ दिलाने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार बचे हुए हितग्राहियों के लिए विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बैंक सखियां, और अन्य विकासखंड स्तरीय कर्मचारी शिविर लगाकर कार्ड बनाने में सहायता करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आधार कार्ड के साथ नजदीकी सरकारी अस्पताल या च्वाईस सेंटर पर जाकर जल्द से जल्द वय वंदना कार्ड बनवा लें। इस कार्ड के माध्यम से उन्हें भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य समस्या के दौरान आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### सक्षम योजना से जुड़कर महिलाएं स्वावलंबन की राह में बढ़ेंगी आगे

**रायगढ़, 22 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत सक्षम योजना के तहत 07 महिलाओं को रोजगार से जोडऩे हेतु 9 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है।

जिन महिलाओं को ऋण राशि स्वीकृत की गई है उनमें शांति बाई राठिया ग्राम-छोटे गुमड़ा वि.ख. घरघोड़ा को कृषि कार्य हेतु 80 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ज्योति धनवार ग्राम-छोटे गुमड़ा वि.ख.घरघोड़ा को कृषि कार्य हेतु 80 हजार, मूंगामती राठिया ग्राम-खडग़ांव तहसील धरमजयगढ़ को बकरी एवं गाय पालन हेतु 1 लाख 20 हजार, प्रेमलता अगरिया ग्राम-शेरबन दर्रीडीह पो.ओंगना धरमजयगढ़ को मुर्गी पालन एवं आटा चक्की हेतु 1 लाख 20 हजार, मंजू भीष्म रेलवे लाईन पारा किरोड़ीमल नगर रायगढ़ को टेंट सामान हेतु 2 लाख, सुकांती चौहान ग्राम-सहसपुरी तहसील व जिला-रायगढ़ को कृषि कार्य हेतु 2 लाख, लक्ष्मीन कुर्रे कयाघाट एसईसीएल रोड रायगढ़ को सब्जी एवं फल दुकान हेतु 1 लाख 20 हजार रूपये स्वीकृत किए गए हैंमहिलाओं को रोजगार से जोडऩे हेतु ऋण राशि स्वीकृत होने पर इन्हें जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एल.आर.कच्छप ने शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर ने विधवा/परित्याकता/तलाकशुदा एवं अविवाहित महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा इस योजना से जोडऩे हेतु निर्देशित किया है।उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम योजना अंतर्गत विधवा/परित्याकता/ तलाकशुदा एवं 35 वर्ष से 45 वर्ष आयु के अविवाहित महिलाओं को रोजगार से जोडऩे हेतु 2 लाख रूपये तक की ऋण राशि सालाना 3 प्रतिशत ब्याज पर स्वीकृत की जाती है।

### कक्षा 10 वीं संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न

**रायगढ़, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 21 मार्च को संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 11 हजार 638 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 11 हजार 173 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 465 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

# बिरकोनी के औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण टीम की दबिश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,22 मार्च।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार 21 मार्च को औद्योगिक क्षेत्र स्थित तुलसी फॉस्फेट लिमिटेड, शुभम आर्गेनिक फैक्ट्री बिरकोनी जिला महासमुंद का श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र एवं जिला खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह, नाप तौल निरीक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं पर्यावरण विभाग से जितेन्द्र सिंह जूनियर साइंटिस्ट द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। प्लांट की ओपनिंग 20 मार्च को होना बताया गया एवं प्लांट अभी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग की ओर से पावर प्लांट में उपयोग होने वाली खनिज राक फास्फेट जो की प्लांट के परिसर में डंप था के संबंध में वैद्य दस्तावेज के साथ खनिज विभाग के विभागीय पोर्टल में परिवहन करने के लिए निर्देशित किया गया। विधिक मापविज्ञान विभाग की ओर से निरीक्षण के दौरान तौल उपकरण व धर्मकांटे के सत्यापन संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही तौल यंत्र की जांच के लिए बाट रखने एवं समय में तौल यंत्रों के सत्यापन करवाने के लिए निर्देशित किया गया। पर्यावरण विभाग से कोई उल्लंघन होना नहीं पाया गया। श्रम विभाग द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को संविदा श्रमिक अधिनियम 1970, अंतर्गत प्रमुख नियोजक एवं नियोजित ठेकेदारों का एक माह के भीतर अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत भी अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया एवं कार्यरत कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित दर से वेतन भुगतान कराने हेतु निर्देशित किया गया। पश्चात औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी स्थित शुभम आर्गेनिक प्लांट का गठित द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर प्लांट में उपस्थित चौकीदार द्वारा प्लांट विगत 04 माह से बंद होना बताया गया। फैक्ट्री बंद की सूचना श्रम विभाग को नहीं दिया गया है। इस बाबत् फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है।

# मोर आवास मोर अधिकार, छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का हो रहा सर्वे



**बीजापुर,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्राम विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन में 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में आवास प्लास की सूची अनुसार छूटे पात्र परिवार निर्धारित तिथि 30 अप्रैल तक सर्वे में अपना नाम जुड़वा कर योजना का लाभ ले सकते है। उक्त जानकारी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने दी है।

जिला सीईओ ने बताया कि श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी पात्र परिवारों के सर्वे का कार्य आवास प्लस ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। अगर किसी कारण से सर्वे हेतु कोई पात्र परिवार छूट जाता है, तो हितग्राही ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे करा सकते हैं, साथ ही पात्र हितग्राही स्वयं आवास प्लस ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी अपलोड कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए संबंधित जनपद एवं ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है।सर्वे कार्य के लिए ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक को प्रगणक नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस की सूची के अनुसार छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित भी किया जाएगा तथा नये मापदण्ड के आधार पर सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वे करने वाले प्रगणक का पंजीयन आवास साफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य कर दिया गया है।

# आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव में मनरेगाकर्मी,एचआर पॉलिसी की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार में महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्यरत कर्मचारियों का आंदोलन अखबार की सुर्खियों में रहा। बीजेपी की सरकार बनने के बाद इन कर्मचारियों को इस सरकार से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन अब उनके सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। बीते एक साल में ये कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी बनी किंतु निर्णय नहीं आ पाया इसके विपरीत कर्मचारियों पर पी एम आवास , एस बी एम के अलावा अन्य कार्य लिए जा रहे है और तो और इन्हें विगत 4 माह से वेतन भी नहीं दिया गया है। इन आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के कारण महासंघ के आह्वान पर मनरेगा कर्मचारियों ने कलेक्टर श्री संबित मिश्रा को 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने इनके वेतन भुगतान से संबंधित यथासंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। 4 सूत्रीय मांग क्रमशः 1. नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक मनरेगा कर्मियों के सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु मानव संसाधन नीति तत्काल लागू किया जावे। 2. पूर्व में किये गये हड़ताल अवधि का वेतन / मानदेय तत्काल प्रदान करें। 3. विगत 03/05 माह से लंबित वेतन / मानदेय का तत्काल भुगतान किया जावे।4. मनरेगा कर्मियों से केन्द्र व राज्य भासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जावे। 1 करोड़ 27 लाख का भुगतान बाधित वर्तमान में जिले में लगभग 150 कर्मचारी मनरेगा योजना में कार्यरत हैं, जिनका वेतन राशि कुल 1 करोड़ 27 लाख रुपए भुगतान नहीं हो पाया है।

### हड़ताल पर जाने की बन रही रणनीति

ज्ञापन में कहा गया है कि जल्द ही मानव संसाधन नीति लागू नहीं करने, पूर्व हड़ताल अवधि / विगत 05 माह से लंबित वेतन/मानदेय का भुगतान न होने तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य कराये जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त 12500 मनरेगा कर्मी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान छत्तीसगढ़ मनरेगा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह ठाकुर , जिला जनपद स्तर के पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मचारी उपस्थित हुए।

सम्मानित



### नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु सम्मानित

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति चुन्नी यदु के दूसरी बार नवनिर्वाचित होने पर उनके निज निवास ग्राम माथलडबरी पहुंचकर शिवनाथ हुंडई कंपनी राजनांदगांव स्टाफ के द्वारा नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु को गमछा और श्रीफल भेंट कर उन्हें बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना गोवर्धन यादव,अमन मार्टिन, स्वाति वैष्णव, मनोज साहू उन्हें बधाईयां प्रेषित किया।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त पदों पर पात्र-अपात्र सूची जारी

**रायगढ़, 22 मार्च।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 211 रिक्त विभिन्न पदों पर गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा-आपत्ति मंगाए गए थे। दावा-आपत्तियों के निराकरण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची रायगढ़ जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.in में अपलोड किया गया है।

# प्रशासन की लापरवाही के चलते तीन सालों से भटक रहे हैं अन्या नवागांव के किसान

**राजनांदगांव, 22 मार्च।** जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्राम अन्या नवांगांव के ग्रामीणों ने आज कलेक्टर संजय अग्रवाल को प.ह.न. 09, की कृषिभूमि को प.ह.नं. 19, लालबहादुर नगर, से हटाकर पुनः प.ह.नं. 09 में दुरूस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा जिस पर श्री अग्रवाल समस्या का समाधान जल्द करने का आश्वासन दिया है। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने बताया कि ग्राम अन्या नवांगांव प.ह.नं.9 विकासखण्ड डोंगरगढ की समस्त कृषिभूमि प.ह.नं. 19. लालबहादुर नगर,में स्थानांतरित हो जाने के कारण अन्या नवांगांव के किसान तीन वर्ष से न्याय के लिए भटक रहे हैं किसी भी प्रकार की बीमा व अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे है किसान बीमा की राशि भी नगद व के.सी.सी. के माध्यम से बीमा कराते हैं। सहकारी सोसायटी में जाने के बाद बताते हैं कि आपके ग्राम का नाम लाल बहादुर नगर प. ह.नं. 19 में चला गया है। जानकारी हम ग्रामवासियों को होने पर उक्त ऑनलाईन त्रुटि को सुधार करवाने विगत 3 वर्षों से कलेक्टेड एवं कृषि विभाग का चक्कर लगाते लगाते थक गए हैं।पर आज पर्यंत तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है।जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जिसके चलते समस्त ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि यदि किसानों को जल्द ही न्याय नहीं मिली तो शासन प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन कर शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे व चक्का जाम करेंगे ।

# विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण



**बीजापुर,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर महोदय श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा दिनॉक 21.0×.2025 को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया, विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदीयों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 222 निरूद्ध बंदी पाये गये, एवं सभी बंदियों से पूछताछ की गई, जेल निरीक्षण के दौरान श्री छेदिलाल टंडन (उप जेल मुख्य पहरी) एवं विशेषज्ञ समिति के श्री बाडसे नागू सदस्य (जेजेबी), श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कु0 आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी) उपस्थित रहे।

# शहीद जवान को श्रद्धांजलि



**बीजापुर,22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरुवार को पुलिस नकसली मुठभेड़ मे.शहीद हुये डी आर जी के जवान राजू ओयाम को आज बीजापुर के पुलिस रक्षित केंद्र के शहीद वाटिका मे गार्ड ऑफ आनर देकर उसके पार्थिव शरीर को ग्रह ग्राम बोडगा रवाना किया गया इस मौके पर बस्तर आईजी डीआईजी पुलिस अधिक्षक सहित जनप्रतिनिधि गण साथी पुलिस जवानो ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई यहां बतादे शहीद जवान नकसलियों से लोहा लेते हुए वीर गति को प्राप्त हुए पुलिस नक्सलियों के इस मुठभेड़ में जवानों ने 26 नक्सलियों को मार गिराया था।

# जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना प्राक्कयन परीक्षा अब 30 मार्च को

**रायगढ़, 22 मार्च।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में विद्यार्थियों के चयन के लिए निर्देश जारी किए गए थे। उक्त निर्देश में आंशिक संशोधन करते हुए अब प्राक्कयन परीक्षा 30 मार्च 2025 रविवार समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिले का बेहतर प्रदर्शन:संभागायुक्त



**रायगढ़, 22 मार्च।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें बिलासपुर संभागायुक्त श्री महादेव कावरे एवं कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने संभागायुक्त श्री कावरे को विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पटवारियों के हल्कावार समीक्षा की जा रही है, ताकि निराकरण में बेहतर प्रगति आ सके। इसके साथ फॉर्मर रजिस्ट्री पोर्टल में जिले के सभी अधिकारियों ने बेहतर कार्य किए है, जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिला राज्य में प्रथम पायदान पर है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा उपस्थित रहे।

संभागायुक्त श्री कावरे ने नक्शा बटांकन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति बेहतर है। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने कोर्ट के प्रकरण में संबंधितों का मोबाइल नंबर लिखवाना सुनिश्चित करें ताकि तामिली के संबंध में जानकारी दी सके। इससे प्रकरणों के निराकरण में तेजी आने के साथ ही संबंधित व्यक्ति के लिए सुविधाजनक हो जाएगी। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी।

कलेक्टर श्री गोयल ने राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी तीन माह का समय है सभी राजस्व अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न राजस्व प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण करें। इस दौरान उन्होंने समय सीमा से बाहर एवं लंबित राजस्व प्रकरणों में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार पटवारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए पटवारियों का लक्ष्य निर्धारित कर नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती के कार्य को प्राथमिकता करें। इस दौरान उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण की भी जानकारी ली।कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सभी अनुविभाग में निर्माण कार्य होना है। जिसका सभी एसडीएम नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्माण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुविभाग स्तर पर सभी अधिकारियों को बैठक लेने के निर्देश दिए ताकि कर्मचारियों के कार्यशैली एवं कार्यों की प्रगति बेहतर हो सके। इस दौरान उन्होंने वसूली पत्रक अंतर्गत भू-राजस्व कर, पंचायत उपकर, शाला भवन उपकर, नजूल भूमि से प्राप्त भू-भाटक तथा आरआरसी की समीक्षा की। उन्होंने वसूली के संबंध में विशेष निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों में विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने पीडीएस दुकानों के वेरिफिकेशन के संबंध जानकारी लेते हुए आगामी होने वाले ट्रेनिंग में सभी राजस्व अधिकारियों को जुडऩे एवं कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल, अस्पताल एवं कार्यालयों का करें निरीक्षण

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं न्यूट्रीशन महत्वपूर्ण है। सभी एसडीएम अनिवार्य रूप से स्कूलों एवं अस्पतालों का निरीक्षण करें। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन का अवलोकन करते हुए विजिटर रजिस्टर में निरीक्षण का उल्लेख करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अनुविभाग में स्थित विभिन्न कार्यालयों का भी औचक निरीक्षण करें।

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग के प्रारूप प्रदान करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम को अनुविभाग में स्थित प्राइवेट यूनिट जैसे फैक्ट्री, राइस मिल, कारखानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर निर्माण करवाने के निर्देश दिए, ताकि भूमिगत जल स्तर में सुधार हो सके।

उन्होंने सीईओ जिला पंचायत श्री यादव को निर्धारित वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की प्रारूप प्रदान करने एवं जियो टैग हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रीष्म काल में होने वाले पेयजल समस्या, उल्टी दस्त एवं फूड पायजनिंग के संबंध में भी विशेष दिशा-निर्देश दिए।

# मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए प्रशांत गांधी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 22 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच का नवम प्रान्तीय अधिवेशन युगांतर का आयोजन मंच की दर्री जमनीपाली एवं जागृती शाखा के आतिथ्य में कोरबा में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अभ्यागत के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन (हैदराबाद), मंच के नव निर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन 4 युवा अमर सुल्तानिया, प्रान्तीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, विशेष अतिथि अशोक मोदी, संजय बुधिया, गोपाल मोदी, अजय अग्रवाल, सदानंद अग्रवाल, हितानंद अग्रवाल कोरबा, कन्हैया अग्रवाल रायपुर, कन्हैया गोयल शक्ति, राष्ट्रीय संयोजक रीना केडिया, सहायक चुनाव अधिकारी हरिओम अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, सम्मिलित हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी जयकिशन अग्रवाल ने भाटापारा ग्रेन सिटी शाखा के प्रशान्त गाँधी को निर्विरोध प्रान्तीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम जैन ने प्रशान्त गाँधी को पद की शपथ दिलाई। साथ ही प्रान्त के मंडलीय उपाध्यक्षों को अमर सुल्तानिया ने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उदबोधन में गांधी ने अपने आगामी कार्य योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही सभी मंच साथियों से सक्रियता से कार्य करने की अपील की। प्रान्तीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों से सैकड़ों मंच सदस्य एकत्रित हुए। भाटापारा से संतोष पुरोहित, राजेश राठी, संत सोनी, गिरधर अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सुधीर अग्रवाल, सिद्धार्थ गोलछा, सौरभ शर्मा, आकाश अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय, अमित अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, कैलश बंसल, नवल लाहोटी, चंदू चौबे, अतुल सोनी, विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, वैभव साँखला, ऋषभ जोशी, शिवानी शर्मा, आरती गाँधी, प्रीति तिवारी, धनकी शर्मा, श्वेता गोलछा, श्रध्दा बंसल सहित अनेक साथियों ने अपनी सहभगिता दी। अधिवेशन में भाटापारा ग्रेन सिटी और भाटापारा शाखा को पुरस्कृत भी किया गया।

## समाचार संक्षेप

### खाद्य व औषधि प्रशासन की टीम ने जायना एग्रो का किया निरीक्षण



■ जांच के लिए पेय पदार्थों का लिया सैंपल

**बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गर्मी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थो की जांच खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की जा रही है। इसी क्रम मे शुक्रवार को सिमगा स्थित जायना एग्रो का निरीक्षण कर पेय पदार्थो के गुणवत्ता हेतु सैपल लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि टीम के द्वारा जायना एग्रो सिमगा से जील अप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और जील अप जीरा फीज कार्बोनेटेड बेवरेज की गुणवत्ता एवं लेबल जांच हेतु खाद्य नमूना लिया गया।खाद्य नमूना को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### डॉ. पाठक छत्तीसगढ़ के नए आप प्रभारी



**तिल्दा -नेवरा, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने छ.ग. में पार्टी को मजबूती देने के लिए डॉ संदीप पाठक को नया प्रदेश प्रभारी बनाया है। यह जानकारी देते हुए आप के प्रमुख कार्यकर्त्ता कमल महान ने बताया कि डॉ पाठक मूलतः मुंगेली जिले के बटहा गांव के निवासी हैं उन्हें प्रदेश के भौगोलिक और राजनितिक वातावरण को समझने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। महान ने कहा कि पाठकजी अभी पंजाब से राजयसभा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भी हैं। वरिष्ठ कार्यकर्त्ता भारतसिंह चौहान ने कहा कि पाठक साहब प्रदेश से ही हैं सो संगठन निर्माण उनके लिए बेहद आसान है। डॉ पाठक की नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग, दिलीप फेकर, श्यामाचरण साहू, राजेंद्र पटवा, डॉ राजकुमार सोनी, शिव निर्मलकर, आशीष गुप्ता, महेंद्र वर्मा, भागीरथी जायसवाल, चैनदास चेलक, भीखुराम साहू आदि साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### तिल्दा-नेवरा में फिर चाकूबाजी की घटना, एक युवक पुलिस पकड़ में

**तिल्दा -नेवरा, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** योगेन्द्र जांगडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 मार्च को रात्रि करीब 9 बजे इसके दुकान के पास मोहल्ले का राकेश कुर्रे आया और इससे उधारी में सामान मांग रहा था जिसे योगेन्द्र जांगडे ने देने से मना किया तो राकेश कुर्रे जांगडे को मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज देने लगा तब जांगडे दुकान से बाहर आकर उसे बोला कि तुम मुझे गाली क्यों दे रहे हो तो वह तुम मुझे उधारी में सामान नही दे रहे हो कहकर आज तुझे जान सहित खतम कर दूंगा की धमकी देते हुये जांगडे के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और अपने जेब में रखा एक धारदार चाकू को निकालकर इसे दिखाकर तेरे को चाकू मारकर खतम कर दंगा की धमकी देकर डरा रहा था। मारपीट से योगेन्द्र जांगडे को होंठ, दोनो गाल, कंधा, गला के पास चोट लगा है। आरोपी राकेश कुर्रे को हिरासत में लेकर उससे घटना में प्रयुक्त प्रतिबंधित हथियार चाकू धारदार को जप्त किया गया तथा आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया है। आरोपी ङ्क राकेश कुर्रे पिता गणेशु कुर्रे उम्र 25 साल साकिन वार्ड क्र0 15 तिल्दा का रहने वाला है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के भोजन के भुगतान में गड़बड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 22 मार्च।** आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा गंजीर ने सूचना के अधिकार में प्राप्त दस्तावेजो को दिखाते हुये बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में भर्ती होने वाले मरीजों को भोजन दिया जाता है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को भोजन देने के नाम पर लाखों रूपये का भुगतान किया गया है पर इसके लिये भंडार क्रय नियम का पालन नहीं किया गया आरटीआई लगने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भखारा द्वारा आनन फानन में भाव पत्र तैयार किया गया जो पूर्ण फर्जी है। जितने भी दस्तावेज बीएमओ द्वारा सूचना के अधिकार में दिया गया है उसमे कोई भी दस्तावेज जैसे विभाग द्वारा जारी पत्र, समूह और होटल से प्राप्त भाव पत्र में दिनांक और आवक जावक नंबर अंकित नहीं है। वर्ष 2024-25 में जननी शिशु सुरक्षा और अन्तः रोगी भर्ती मरीजों को भोजन प्रदायगी हेतु भाव पत्र आमंत्रित करने जो पत्र जारी किया गया है उसमें 24 मार्च 2023 को जारी किया गया जिसमे जय माँ चंडी महिला स्व सहायता समूह, सुधीर भोजनालय, आकांक्षा महिला स्व सहायता समूह से भाव पत्र लिया गया है। जिसका







तुलनात्मक अध्ययन वाले नोटशीट में तीन लोग हस्ताक्षर कर प्रक्रिया को पूर्ण कर सुधीर भोजनालय को जारी करने जो कार्यादेश जारी किया गया है। वह भी 24 मार्च 2023 के तारीख में जारी किया गया है और अक्टूबर 2023 में 169 भर्ती मरीजों को 600 रुपये की दर से 1014 थाली का बिल राशि-1, 01, 400 रुपया भुगतान राशि 74, 000 रुपये का बिल भुगतान बीएमओ के द्वारा किया गया है। बिल के साथ दिये संलग्न सूची में ना मरीज का भर्ती तिथि अंकित है ना ही छुट्टी की तिथि अंकित है। सूचना के अधिकार के तहत 2022 से जनवरी 2025 तक की जानकारी मांगी गई थी पर जनसूचना अधिकारी सिविल अस्पताल कुरुद बांकी वर्षो में किये भुगतान और अन्य जानकारी न देकर मरीजो के भोजन पर जो भांजी मारे है उस कृत्य को छुपाने का प्रयास किया है।

शासन द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को दिये जाने वाले भोजन के भुगतान में किये गये भ्रष्टाचार की जांच प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव स्वच्छ छवि और तेज तर्रार अधिकारी अमित कटारिया को अपने स्तर पर करना चाहिए ताकि दोषी अधिकारियों को सजा मिले और जरूरत मंद मरीजों को सरकार के व्यवस्था के तहत अस्पताल में मिलने वाला भोजन इसके साथ मेडिकल प्रतिपूर्ति, यात्रा भत्ता राशि वितरण की ओर भी झांक लेंगे तो कुछ और राज खुल सकता है। जितनी राशि का भ्रष्टाचार हुआ होगा उस राशि को संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी से वसूलकर साय सरकार के जीरो टॉलरेंस को सिद्ध कर सकते है।

वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में भर्ती मरीजों को भोजन देने के नाम पर जो भाव पत्र मंगाया गया है उस लेटर का दिनांक और कार्य आदेश का दिनांक दोनों समान है। इस तरह का दस्तावेज संधारित किया जाता है क्या अगर ये गलत है तो क्या कार्रवाई करेंगे। और कुरुद बीएमओ उमाशंकर नवरत्न और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा सहायक चिकित्सा अधिकारी गौरव बंगानी बता पाएंगे। हमारे प्रतिनिधि को सहायक चिकित्सा अधिकारी गौरव बंगानी ने बताया कि सूचना के अधिकार लगाने वाले आवेदक को त्रुटिवश दस्तावेज मिल गया होगा तो उसे सुधार कर दे देंगे।

### कलेक्टर ने पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी शुभकामनायें



**बलौदाबाजार, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग से राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 मे सफ्ल हुए जिले के सभी 5 परीक्षार्थियों ने आज संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की। कलेक्टर सोनी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिये

जिले में संचालित निःशुल्क नवप्रेरणा कोचिंग के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर लाभान्वित हो रहे हैं। सत्र 2024-25 में इस कोचिंग से 05 विद्यार्थियों ने राज्य प्रशासनिक प्रारंभिक परीक्षा में सफ्लता प्राप्त की है। चयनित विद्यार्थियों मे अंकुर वर्मा, सतेन्द्र कुमार बांधे, युगल किशोर वर्मा, हेमचंद कश्यप एवं चन्द्रभूषण धृतलहरे शामिल हैं। वर्तमान में, हेमचंद कश्यप नवप्रेरणा कोचिंग से लाभान्वित होकर पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर चयनित हुए हैं और पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, चंद्रखुरी (रायपुर) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार, युगल किशोर वर्मा समिति प्रबंधक के रूप में विकासखंड तिल्दा (सरफोंगा) में कार्यरत हैं, तथा अंकुर वर्मा छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल मुख्यालय, रायपुर में डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे हैं। नवप्रेरणा कोचिंग के पिछले सत्र में पुलिस विभाग में 04 विद्यार्थी चयनित हुए थे, जिससे यह सिद्ध होता है कि यह संस्थान विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

# अधिकारी-कर्मचारी समयावधि में शासकीय योजनाओं का करें क्रियान्वयन : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 22 मार्च।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। चन्द्रवाल आज नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर गुण्डरदेही विकासखण्ड में चल रहे विकास कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने कहा कि कोई भी योजना तभी सफ्लीभूत माना जा सकता है जब उस योजना से समाज के अंतिम पंक्ति के लोग लाभान्वित होने के साथ-साथ उनके जीवन में भी बदलाव सुनिश्चित हो सके। इसके लिए उन्होंने गुण्डरदेही विकासखण्ड के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर आम जनता के हित में कार्य करने को कहा। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतिमा ठाकरे झा सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के अलावा सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में चन्द्रवाल ने बारी-बारी से विभागवार कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। चन्द्रवाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए परियोजना



अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब तक खोले गए बालिकाओं के कुल खातों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने परियोजना अधिकारी से नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कार्यो के अलावा जिले में चलाए जा रहे 'मोर लईका, स्वस्थ लईका' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित कृषि विभाग के प्रभारी अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फ्सल के उत्पादन हेतु प्रेरित करने के कार्य के संबंध में जानकारी ली। इसके अलाव उन्होंने वर्ष 2024-25 में सहकारी समितियों में रबी फ्सल के पंजीयन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड में जल जतन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने पशुधन विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने पशुधन विभाग के प्रभारी अधिकारी से पशुओं के बधियाकरण, कृत्रिम गर्भधारण आदि के निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में भी जानकारी ली।

### कलेक्टर ने कराया मजदूरों का भुगतान

**बालोद, 22 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालोद जिले के ग्राम सोंहतरा में सेमरिया नाला से सोंहतरा, बिरेतरा नाली के सीमेंटीकरण कार्य में लगे मजदूरों का मजदूरी भुगतान कर दिया गया है। जल संसाधन संभाग बालोद के कार्यपालन अभियंता केएल तारम ने बताया कि माह जनवरी 2025 में ग्राम सोंहतरा में अनिल मित्तल कंपनी नेहरू नगर भिलाई द्वारा सेमरिया नाला से सोंहतरा, बिरेतरा नाली के सीमेंटीकरण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य में कार्यरत मजदूरों एवं किराना दुकान से ली गई खाद्य सामग्री का भुगतान नही होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मामले को संज्ञान में लिया और सभी मजदूरों एवं खाद्य सामग्री का भुगतान त्वरित रूप से कराने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया, जिस पर ठेकेदार द्वारा सभी 16 मजदूरों की मजदूरी राशि कुल 55 हजार रूपए और किराना दुकान के संचालक को 06 हजार 893 रूपए का भुगतान शीघ्रतापूर्वक कर दिया गया है।

### सम्मान





**रायपुर, 22 मार्च। मुख्यमंत्री निवास में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 37वें नेशनल गेम्स गोवा में मिक्स डबल्स के रजत पदक विजेता जयेश तिवारी को सम्मानित किया गया।**

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821**

No.15-06/S&P/EE-II/AHP/P/T-65/25/839 Marwa, dtd.20-03-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-44/2025 :**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) for supply as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-II/AHP/P/ T-65/25 | 8100042201 | Supply of various size Galvanized Iron grating for ESP drainage of AHP at ABVTPS, CSPGCL, Marwa, Janjgir-Champa. | 22.04.2025 15:30 Hrs | Rs. 590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 14960/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Procurement)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

Samvad-43301/1

## एक्टिव मोड मे शहर सरकार व प्रशासन

# कलेक्टर व नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर भ्रमण कर विकास कार्यों एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ सब्जी मार्केट मे विक्रेताओं को चबूतरे में ही बेचनी होगी सब्जी, दिये गए कड़े निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 मार्च।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने गुरुवार शाम बलौदाबाजार नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान नगर की सफाई-सफाई, सौंदर्यीकरण सहित विकास कार्यों का जायजा लिया। नगर स्थित डेली सब्जी मार्केट का दौरा कर व्यवस्थित संचालन हेतु आवंटित चबूतरे मे ही सब्जी बेचने विक्रेताओं को समझाईश देने के साथ यह भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई सब्जी विक्रेता चबूतरे मे सब्जी नहीं बेचता है तो चबूतरा किसी अन्य सब्जी विक्रेता को आवंटित कर दिया जाएगा। मार्केट एरिया मे



सुव्यवस्थित आवागमन हेतु सड़क किनारे सब्जी बेचने एवं दुकान का सामान सड़क मे रखने पर प्रतिबन्ध लगाने के निर्देश दिये गए।

उन्होंने गार्डन चौक पर 30 लाख रूपये की लागत से बनने वाले अटल परिसर निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उक्त स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जानी है। गार्डन चौक शहर के हृदय स्थल पर है एवं चौक में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए चौक का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है इसलिए पूर्व से बना हुआ प्रवेश द्वार को मंदिर समिति से चर्चा कर सहमति उपरांत हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये गये।साथ ही चौक में घड़ी स्थापित करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके पश्चात् चित्रा स्वामी तालाब का निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये। रामसागर तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, बच्चों के खेलने के लिए झूला एवं ओपन जिम, बोटिंग की सुविधा, चौपाटी का विस्तार तथा तालाब से लगे अरविंद उद्यान में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने निर्देशित किये। मुरुम तालाब, देवराहा तालाब एवं ट्रांसपोर्ट नगर के लिए प्रस्तावित स्थल का अवलोकन कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को व्यवस्थित करने हेतु ग्राम लिमाही में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना हेतु प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित कर दिया गया है। मुरूम तालाब के पास निर्मित चौपाटी के समीप आबंटित दुकानों को शुरू नहीं करने पर सम्बंधित को नोटिस जारी करने तथा खाली जगह पर अन्य शहरों की तर्ज पर बेहतर चौपाटी विकसित करने के निर्देश दिये गये।

**न्यायालय तहसीलदार बालोद**
**जिला- बालोद (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र.202503240700027 /ब-121 वर्ष 2024-25**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय सोनी पिता माखन सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा अपने चाचा गणेशराम आ. भुनु का मृत्यु ग्राम बालोद तहसील व जिला बालोद में दिनांक 10.05.1995 को होना बताते हुए एवं तत्समय मृत्यु प्रमाण-पत्र न बनवा पाने के कारण विलंबित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 01/04/2025 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

**तहसीलदार**
**बालोद**
मुहर **जिला-बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बालोद**
**जिला- बालोद (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. 202503240700028 /ब-121 वर्ष 2024-25**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपीचंद सोनी पिता धनुषलाल जाति सोनार निवासी ग्राम बेलरगोंदी तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पिता धनुषलाल आ. भूनु का मृत्यु ग्राम बालोद तहसील व जिला बालोद में दिनांक 19.06.1996 को होना बताते हुए एवं तत्समय मृत्यु प्रमाण-पत्र न बनवा पाने के कारण विलंबित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 01/04/2025 तक प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

**तहसीलदार**
**बालोद**
मुहर **जिला-बालोद (छ.ग.)**

**कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला बस्तर जगदलपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**क्रमांक 4253/खाद्य/पीडीएस/2025** **जगदलपुर दिनांक 20/03/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बस्तर के अंतर्गत थाना नगरनार के अपराध क्रमांक 43/2024 धारा 20(ख) II(ग) एन.डी.पी.एस एक्ट में जप्त 100 बोरी कनकी चावल को माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश, एन.डी.पी.सी. एक्ट जगदलपुर जिला बस्तर के आदेश दिनांक 01.04.2024 के द्वारा 100 बोरी (प्रति बोरी वजन 30 किलोग्राम) कनकी नीलामी दिनांक 16/04/2025 को अपरान्ह 3.00 जिला कार्यालय के सभा कक्ष (आस्था हाल) में किया जावेगा। सर्वसाधारण ईच्छुक व्यक्ति/संस्था बोली लगा सकता है। अधिकतम मूल्य की बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था को राशि जमा कराकर कनकी सौंपी जावेगी। कनकी का आफसेट राशि 2450/- (दो हजार चार सौ पचास) प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

**निविदा का नियम व शर्तें निम्नानुसार है :-**

1. इच्छुक निविदाकार/संस्था द्वारा नीलामी में भाग लेने के पूर्व अमानत राशि जमा करना होगा।
2. निविदाकार को 3000.00 (तीन हजार रूपये मात्र) अमानत राशि जमा करना होगा। अमानत राशि शासकीय खजाने खाद्य नियंत्रक, जगदलपुर, जिला बस्तर, पंजाब नेशनल बैंक, शाखा जगदलपुर के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जमा करना होगा।
3. नीलामी में न्यूनतम दर से अधिकतम बोलीदार द्वारा सम्पूर्ण राशि जमा करने पर उसे सामग्री सौंपी जावेगी।
4. ईच्छुक व्यक्ति कनकी का सेम्पल, थाना नगरनार, जिला बस्तर में उपस्थित होकर देख सकते है।
5. निविदा से संबंधित प्रपत्र कलेक्टर (खाद्य शाखा) से प्राप्त कर सकते है।
6. इच्छुक निविदाकार प्रपत्र भरकर दिनांक 11/04/2025 तक पंजीकृत डाक/व्यक्ति रूप से कार्यालय खाद्य शाखा, जिला कार्यालय जगदलपुर जिला बस्तर में जमा कर सकते हैं।

आज दिनांक 20/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर द्वारा उद्घोषणा जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**जिला बस्तर**

**जी- 242506087/3**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26